Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 232 | रविवार , 24 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 6जी पर भी तेजी से काम कर रही सरकार

# पीएम मोदी बोले- जल्द बाजार में आएगी 'मेड इन इंडिया' चिप



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर फैक्ट्रियां बन रही हैं और साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया चिप बाजार में आ जाएगी। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और अंतरिक्ष से लेकर खेल क्षेत्र तक कई बड़े सुधार किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में भी सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लगनी शुरू हो गई हैं। इस साल के अंत तक भारतीय चिप बाजार में आ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम 'मेड इन इंडिया 6जी' पर तेजी से काम कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि भारत में सेमीकंडक्टर का निर्माण 50-60 साल पहले शुरू हो सकता था, लेकिन हम वह अवसर चूक गए और यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। लेकिन आज हमने यह स्थिति बदल दी है। अब भारत में सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां बन रही हैं और इस साल के अंत तक पहले मेड इन इंडिया चिप बाजार में आएगा।

### 'भारत के बैंक पहले कहीं ज्यादा मजबूत'

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारा व्यापार घाटा घटकर 4.4 फीसदी पर आने की उम्मीद है, जबकि हमने कोरोना जैसी बड़ी चुनौती का सामना किया है। आज हमारी कंपनियां पूंजी बाजार से रिकॉर्ड फंड जुटा रही हैं। हमारे बैंक पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं। महंगाई बहुत कम है, ब्याज दरें कम हैं। हमारा चालू खाता घाटा नियंत्रण में है। विदेशी मुद्रा भंडार भी बहुत मजबूत है। इतना ही नहीं, हर महीने लाखों घरेलू निवेशक एसआईपी के जरिए बाजार में हजारों करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं।

## मुर्गी की मौत का बदला लेने के लिए आठ कुत्तों को दिया जहर, तीन की मौत

**बर्नपुर।** बंगाल के आसनसोल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी मुर्गी की मौत का बदला लेने के लिए आठ निर्दोष कुत्तों को जहर देकर मारने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, एक आवारा कुत्ते ने युवक विकास मंडल की मुर्गी को मार दिया था, जिसके बाद गुस्से में आकर विकास ने कुत्तों को जहर देने की योजना बनाई। शुक्रवार की रात, विकास ने जहर मिलाकर कुत्तों को खाना खिलाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन कुत्तों की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य कुत्तों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि तीन कुत्ते लापता हैं।

घटना की जानकारी स्थानीय पशु प्रेमी सुमित ने हीरापुर थाने और आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्त को दी है। सुमित ने आरोप लगाया है कि विकास ने बदले की भावना से यह कृत्य किया। उन्होंने बताया कि विकास ने पहले ही धमकी दी थी कि वह सभी कुत्तों को खत्म कर देगा।

## || सार संक्षेप

### बांग्लादेश का पुलिस अधिकारी ही निकला घुसपैठिया

**कोलकाता।**

बांग्लादेश में पिछले साल तख्तापलट के बाद कट्टरपंथियों के बढ़ते उपद्रव के मद्देनजर जान बचाने के लिए डर से भाग कर भारत आ रहे बांग्लादेशी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को शनिवार को बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से बीएसएफ ने गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत सीमा चौकी हकीमपुर इलाके से 143वीं बटालियन के जवानों ने उसे दोपहर करीब तीन बजे गिरफ्तार किया। वह अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत में प्रवेश की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों से पता चला है कि गिरफ्तार बांग्लादेशी पुलिस अधिकारी का नाम संभवतः



आरिफ जमां है। वह बांग्लादेश के रंगपुर क्षेत्र के निवासी हैं। बीएसएफ ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बांग्लादेशी पुलिस अधिकारी को आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय स्वरूपनगर थाने के हवाले कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, उक्त व्यक्ति दोपहर के समय अवैध तरीके से सीमा पार कर भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था।

### मध्य प्रदेश में 5500 करोड़ से बनेगा टाइगर कॉरिडोर हाईवे



**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये की लागत से टाइगर कॉरिडोर हाईवे बनाने की घोषणा की। यह कॉरिडोर हाईवे प्रदेश के चार टाइगर रिजर्वों कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को जोड़ेगा। शनिवार को जबलपुर में प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण करते गड़करी ने कहा कि मध्य प्रदेश बाघों के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में लोगों को टाइगर रिजर्व तक सुलभ मार्ग उपलब्ध कराने के लिए टाइगर कॉरिडोर हाईवे बनाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने जबलपुर-भोपाल के बीच नया ग्रीन फील्ड हाईवे बनाने की बात भी कही। इस दौरान उन्होंने रीवा में वाराणसी-नागपुर मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।

**चार टाइगर रिजर्वों को जोड़ेगा**

## मध्य प्रदेश में 14 हजार कैदियों को सजा में 60 दिनों की छूट, सीएम मोहन यादव ने की घोषणा

**भोपाल।**



मध्य प्रदेश में 21 हजार दंडित कैदियों में से 14 हजार को सजा में 60 दिन की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह महत्वपूर्ण घोषणा की। यह छूट केवल उन कैदियों पर लागू होगी, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और जेल नियमों के तहत पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनका आचरण संतोषजनक रहा है। गंभीर अपराधों जैसे आतंकवाद, यौन अपराध और हत्या के दोषियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। मुख्यमंत्री ने जेल विभाग को रिहाई प्रक्रिया को पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ पूरा करने का निर्देश दिया है। छूट का लाभ एक-दो दिन में ऐसे लगभग सौ कैदियों को मिलेगा, जिनकी सजा लगभग 60 दिन या उससे कम रह गई है।

## देश में बारिश का कहर, 11 से अधिक मौतें

**नई दिल्ली।**

पिछले 24 घंटों में बारिश ने देश के कई राज्यों में तबाही मचाई है। बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में देशभर में 11 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा नुकसान झारखंड में हुआ है, जहां पांच लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, कई जगह बाढ़ और भूस्खलन हुआ है, घर गिरे, सड़कें बंद हुईं और लोग घायल हुए। मौसम विभाग ने रविवार को भी भारी बारिश की चेतावनी दी है। जानिए अलग-अलग राज्यों के मौसम का मिजाज भारी बारिश ने पिछले 24 घंटों में

**आज झारखंड में रेड अलर्ट और बंगाल के 11 जिलों में चेतावनी**




देशभर में भारी तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु समेत देश के कई हिस्सों में भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है और कई घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान झारखंड में हुआ, जहां पांच लोगों की जान गई। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में दो-दो लोगों की मौत हुई है। जबकि तमिलनाडु में बिजली गिरने से एक और उत्तराखंड में एक महिला की मौत हुई है। मौसम विभाग ने झारखंड के पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों में आज भी भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में एक राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई सड़कें बंद कर दी गई हैं। प्रदेश इस मानसून सीजन में बादल फटने की कई घटनाओं का दंश झेल चुका है। वहीं, राजस्थान में मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में भी शनिवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को भी गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के स्यानाचट्टी में मलबे के कारण यमुना नदी का प्रवाह बाधित होने से बनी कृत्रिम झील का जलस्तर लगभग 12 फीट कम हो गया है। बृहस्पतिवार को भारी बारिश के कारण पहाड़ियों से पत्थर गिरे और मलबे से नदी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया, जिससे एक अस्थायी झील बन गई।

## राजनाथ सिंह का एलान

# 'भारत करेगा बड़ा कमाल, देश में ही बनेंगे फाइटर जेट के इंजन'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज कंपनी सफ्रान के साथ साझेदारी में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाना शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की स्वदेशी रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों में एक बड़ा कदम है। एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ₹आज, हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। अब हम फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर भारत में ही उनके इंजन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।₹ राजनाथ सिंह ने वैश्विक कंपनियों को भारत के बढ़ते रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने विदेशी कंपनियों और निवेशकों से भारत के जीवंत रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹हम सभी आवश्यक मंजूरियां प्रदान करेंगे और सहयोग प्रदान करेंगे।₹ 'मेक इन इंडिया' के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए राजनाथ ने कहा कि ₹हमारी मेक इन इंडिया पहल केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। जब आप भारत में निर्माण करते हैं, तो आप दुनिया के लिए निर्माण करते हैं। यह घोषणा रक्षा मंत्रालय द्वारा उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम के कार्यान्वयन मॉडल को मंजूरी दिए जाने के कुछ ही महीनों बाद आई है। विगत एक दशक में लगभग 35 गुना बढ़ा रक्षा निर्यात रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात लगभग 35 गुना बढ़ा है और सरकार ने इस वर्ष रक्षा निर्यात में 30,000 करोड़ रुपये और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।



राजनाथ के अनुसार, भारत का रक्षा निर्यात 2013–14 में केवल 686 करोड़ रुपये था जो 2024–25 में बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये हो गया। आज, रक्षा उत्पादों का निर्यात लगभग 100 देशों को किया जाता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन तीन गुना से भी अधिक हो गया है। यह 2014 में 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024–25 में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में लगभग दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

## मतांतरण के मामले में बजिंदर सिंह को राजस्थान पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दुष्कर्म के मामले में पंजाब की मानसा जेल में बंद पादरी बजिंदर सिंह को राजस्थान की भरतपुर पुलिस ने मतांतरण के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस शुक्रवार शाम उसे प्रोडक्शन वारंट पर भरतपुर लेकर लाई और पूछताछ के बाद शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


## भारत कई देशों से मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में' पीयूष गोयल बोले- दुनिया हमारे देश की ओर देख रही

**नई दिल्ली।**

भारत यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली और पेरू समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत कर रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया भारत की ओर देख रही है और मंत्रालय दिन-रात इन समझौतों पर चर्चा कर रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत इस समय यूरोपीय संघ (एव), अमेरिका, चिली और पेरू समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की तरफ उम्मीद से देख रही है और विकसित देश हमारे साथ व्यापार समझौते करने के इच्छुक हैं। पीयूष गोयल ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय दिन-रात इन समझौतों की बातचीत में जुटा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सुबह जैसे ही ऑस्ट्रेलिया और जापान के दफ्तर खुलते हैं, बातचीत शुरू हो जाती है। दोपहर में यूरोप से संवाद होता है और शाम होते ही अमेरिका के साथ चर्चा शुरू हो जाती है। इसके अलावा पेरू और चिली से भी लगातार संपर्क बना हुआ है। भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (इळअ) की बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। हालांकि, अमेरिका ने भारत में होने वाली छठे दौर की बैठक को स्थगित कर दिया है। यह बातचीत खास इसलिए है क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामान पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। अभी तक 25 प्रतिशत शुल्क लागू है।



# भागवत बोले– पारंपरिक कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का तालमेल कृषि को बना सकता है आत्मनिर्भर



**छत्रपति संभाजीनगर।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक कृषि पद्धतियों और पशुपालन के साथ मिलाकर कृषि में आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। यहां किसानों, पशु चिकित्सा स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। संघ प्रमुख ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं भारत के लिए कृषि में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। कृषि और पशुपालन की भारतीय पद्धतियों के साथ आधुनिक पद्धतियों को मिश्रित करने से किसानों को बहुत लाभ होगा। इससे देश आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों को उन जीवों के दर्द को समझने की कला आती है जो न तो बोल सकते हैं और न ही इलाज के दौरान विरोध कर सकते हैं। फिर भी वे उन्हें ठीक कर देते हैं। पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है- भागवत भागवत ने कहा कि प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की आयु और गुण निर्धारित करने का विज्ञान बताया था। यह परंपरा हमारे लिए गर्व की बात है। स्वदेशी मवेशियों और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

## संपादक की कलम से

# महाभियोग की नौबत



ललित शर्मा
संपादक

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की नौबतङ्कयकीनन संविधान और लोकतंत्र के लिए एक भयावह, चुनौतीपूर्ण और अस्वीकृति की स्थिति है। संवैधानिक व्यवस्था में यह नौबत क्यों आनी चाहिए? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त शारीरिक और मानसिक तौर पर अक्षम हो गए हैं? क्या उनकी साख और निष्पक्षता निर्णायक तौर पर सवालिया अथवा आशंकित हो गई है? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार अथवा पक्षपात के आरोप कानूनन साबित हो चुके हैं और अदालत ने फैसला सुना दिया है? विपक्ष की राजनीति के मद्देनजर महाभियोग की नौबत भी पक्षपाती है। विपक्ष के वोट चोरी के आरोप ही पर्याप्त नहीं हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिला महाभियोग की प्रक्रिया संसद में शुरू की जाए। किसी भी संवैधानिक संस्था या पदासीन अधिकारी के खिलाफ महाभियोग मोहभंग और अस्वीकृति की पराकाष्ठा है। यह नौबत ही क्यों आनी चाहिए? यदि राजनीतिक नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का एक ही पक्ष महाभियोग की बात करने लगे, तो वह उस संवैधानिक संस्था अथवा अधिकारी के प्रति दुराग्रह की भावना है। निश्चित तौर पर उसकी पृष्ठभूमि में प्रतिशोध का भाव भी निहित होगा। एक पक्ष के पूर्वाग्रहों से संवैधानिक और संसदीय व्यवस्थाएं नहीं चल सकतीं। कुछ उदाहरण सामने हैं। अप्रैल, 2018 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव विपक्ष ने राज्यसभा में दिया। आरोप खोखले, कुत्सित और पूर्वाग्रही थे, लिहाजा ऐसे ही कुछ आधारों पर तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसी तरह तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में ही कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्ष ने महाभियोग का नोटिस दिया। प्रस्ताव में उन्हें पक्षपाती करार दिया गया कि वह विपक्ष को उसका पक्ष रखने को पर्याप्त समय नहीं देते हैं। बहरहाल अपरिहार्य आधार पर वह प्रस्ताव भी खारिज हो गया, लेकिन इस अंतराल में, मीडिया के विभिन्न प्रारूपों में, इन संवैधानिक हस्तियों के खिलाफ जो कुछ लिखा या कहा गया, यकीनन उनकी शख्सियत पर कीचड़ उछाले गए, उसकी भरपाई कौन करेगा? अब बारी मुख्य चुनाव आयुक्त की है। सोशल मीडिया पर उन्हें केंचुआ करार दिया जा रहा है। क्या यह उपमा उचित है? बेशक संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की व्यवस्था दी गई है, लेकिन महाभियोग शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं है। वोट चोरी पर विपक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच विरोधाभास हैं। यह स्पष्ट है कि संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का विपक्षी प्रस्ताव ध्वस्त होना तय है, क्योंकि दो–तिहाई बहुमत उसके पक्ष में नहीं है और बेशक सत्ता पक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को जरूर बचाएगा। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री वाली चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की है। वह पक्ष महाभियोग को सफल क्यों होने देगा? इस यथार्थ के बावजूद और ध्रुवीकरण की राजनीति के मद्देनजर यह नेरेटिव फैलाना शुरू किया गया है कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विमर्श कर रहा है। विपक्षी गठबंधन के अधिकतर दल इसके पक्ष में हैं। वोट चोरी का मामला अभी सर्वोच्च अदालत में है और अगली सुनवाई 22 अगस्त को होनी है। अदालत के अंतरिम आदेश के मुताबिक, आयोग ने मतदाता सूचियों से काटे गए 65.64 लाख नामों को अपनी वेबसाइटों पर सार्वजनिक कर दिया है। दावा यह भी किया जा रहा है कि नाम काटने के कारण भी बताए गए हैं। अब आयोग ने आधार कार्ड को स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है। इस कार्ड के साथ आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

डॉ.राजीव डोगरा

## बेरहम

कविता



सिफारिश–ऐ–दौर चला है
अपनों की जगह
कोई ओर चला है।

खुदगर्ज–ऐ–दौर चला है
निस्वार्थी मनुज की जगह
मतलबखोरों का क्षण चला है।


बेवफा–ऐ–दौर चला है
महोब्बत की जगह
रूप सम्मोहन का काल चला है।

मलाल–ऐ–दौर चला है
हमदर्द की जगह
बेदर्द इंसा का वक़्त चला है।

जहालत–ऐ–दौर चला है
संज्ञान की जगह
अविद्या का अंधकार का चला है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# रिमझिम बारिश में रोड ट्रिप कर रहे प्लान, मेरठ के पास मिलेंगे ये 'जन्नती' नजारे

रिमझिम बारिश का लुत्फ उठाने के लिए मेरठ वाले भी आसपास में स्थित खूबसूरत जगहों की तलाश करते रहते हैं। ऐसे में आज हम आपको मेरठ से करीब 200 किमी के आसपास में स्थित कुछ बेहद हसीन और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। इस समय मथुरा से लेकर मेरठ और दिल्ली एनसीआर से लेकर गाजियाबाद के आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। इस मौसम में रोड ट्रिप पर निकलना या किसी खूबसूरत जगह को एक्सप्लोर करना लगभग हर किसी को पसंद होता है। वहीं इस रिमझिम बारिश का लुत्फ उठाने के लिए मेरठ वाले भी आसपास में स्थित खूबसूरत जगहों की तलाश करते रहते हैं। ऐसे में आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको मेरठ से करीब 200 किमी के आसपास में स्थित कुछ बेहद हसीन और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली, दोस्तों या फिर पार्टनर के साथ रिमझिम बारिश का लुत्फ उठाने के लिए ट्रिप प्लान कर सकते हैं। अगर आप भी मेरठ के आसपास किसी शानदार और खूबसूरत जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप ऋषिकेश पहुंच सकते हैं। यह उत्तराखंड का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। ऋषिकेश योग नगरी के नाम से भी फेमस है। गंगा नदी के तट पर स्थित ऋषिकेश प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। रिमझिम बारिश में गंगा नदी और पहाड़ों की खूबसूरती दोगुनी हो जाती है। नदी के किनारे बादलों से ढके पहाड़ पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं। बारिश में आप यहां के कई खूबसूरत घाटों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**लैंसडाउनः** समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर लैंसडाउन स्थित है। जोकि उत्तराखंड की खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। मानसून में यहां की खूबसूरती देखने लायक होती है। यह जगह सिर्फ मेरठ वालों के लिए नहीं बल्कि दिल्ली एनसीआर वालों के लिए भी काफी अच्छी है। वीकेंड के मौके पर लोग यहां पर अपनी फैमिली, फ्रेंड्स और पार्टनर के साथ घूमने के लिए आते हैं। आप यहां पर लैंसडाउन व्यू पॉइंट और टिप एन टॉप जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**डोईवालाः** अगर आप उत्तराखंड की किसी शानदार और कम भीड़भाड़ वाली खूबसूरत जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको डोईवाला पहुंच जाना चाहिए। यह ऋषिकेश से 20 किमी की दूरी पर स्थित है। डोईवाला में आपको घने जंगल, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और झील-झरने देखने को मिलेंगे, जोकि यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह जन्नत मानी जाती है। मानसून में आप यहां पर हाईकिंग से लेकर ट्रेकिंग तक का लुत्फ उठा सकते हैं।

**देहरादूनः** मानसून में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून भी घूमने के लिए काफी अच्छी जगह है। पहाड़ों के बीच स्थित देहरादून अपनी खूबसूरती से हर दिन मेरठ से लेकर दिल्ली एनसीआप वालों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

देहरादून में घूमने के लिए कई शानदार जगहें मौजूद हैं। यहां पर मानसून में स्वर्ग जैसा लगता है। आप देहरादूर में रॉबर्स केव, मालसी डियर पार्क और सहस्त्रधारा वॉटरफॉल आदि घूम सकते हैं। वहीं एडवेंचर प्रेमियों के लिए भी यह जगह परफेक्ट है।

# बिना कुकर भी इन तरीकों से फटाफट पकाई जा सकती है दाल, जानिए कैसे

दाल को सही तरह से भिगोने से उसे पकाने का समय काफी कम हो जाता है, क्योंकि पानी धीरे-धीरे उनकी सख्त सतह में घुसता है, जिससे वो पकने से पहले ही नरम हो जाती हैं। आप इसे रात में भिगो दें। साथ ही, अनुपात का भी ख्याल रखें।

जब भी दाल को पकाने की बात आती है तो दिमाग में सबसे पहले प्रेशर कुकर का नाम ही आता है। यकीनन दाल को पकाने के लिए यह सबसे बेहतरीन व आरामदायक तरीका है। लेकिन अगर आपका प्रेशर कुकर खराब हो गया है तो भी आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आपको लगता है कि प्रेशर कुकर के बिना दाल को गलाने में आपको काफी लंबा समय इंतजार करना पड़ेगा या फिर दाल अच्छी तरह नहीं पकेगी, तो आप गलत है। घर पर भी दाल व चने आदि को बिना प्रेशर कुकर के आसानी से पका सकती हैं। इसके लिए आपको बस कुछ आसान तरीकों को अपनाने की जरूरत है। बस दाल को सही तरीके से भिगोना, गर्म पानी से शुरू करना, एक चुटकी बेकिंग सोडा डालना आदि से काफी फर्क पड़ता है। इतना ही नहीं, आप किस बर्तन में दाल को पकाते हैं, इससे भी उसके पकने के समय पर असर पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप दाल को प्रेशर कुकर के बिना भी कम समय में पका सकते हैं-

**सही तरह से भिगोएंः** दाल को सही तरह से भिगोने से उसे पकाने का समय काफी कम हो जाता है, क्योंकि पानी धीरे-धीरे उनकी सख्त सतह में घुसता है, जिससे वो पकने से पहले ही नरम हो जाती हैं। आप इसे रात में भिगो दें। साथ ही, अनुपात का भी ख्याल रखें। मसलन, एक कप दाल को भिगोते समय आप 3-4 कप पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, राजमा या चना आदि को भिगोते समय उसमें आधा चम्मच हल्दी और चुटकीभर खाने का सोडा डाल दें।

**गरम पानी का करें इस्तेमालः** दाल को भिगोते समय ठंडे पानी की जगह गर्म पानी का इस्तेमाल करें। आप पहले पानी उबाल लें और फिर इस पानी में भिगोएं। ये दाल की सतह को जल्दी नरम करता है।

**बेकिंग सोडा आएगा कामः** दाल को जल्दी पकाने में बेकिंग सोडा काफी काम आ सकता है। इसके लिए आप एक कप दाल में 1/8 चम्मच सोडा उबाल शुरू होने के 10 मिनट बाद डालें। ध्यान दें कि इसे शुरू में ना डालें। अगर आप इसे शुरू में डालेंगे तो ऊपर का छिलका ज्यादा जल्दी गल जाएगा और अंदर कच्चा रह जाएगा। चना, राजमा, साबुत मूंग जैसी दालों के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।



# राधाष्टमी पर पाएं गॉर्जियस लुक, ये फ्लोरल एथनिक आउटफिट्स हैं सबसे ट्रेंडिंग

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे सूट डिजाइन के बारे बताने जा रहे हैं, जिनको आप राधाष्टमी के मौके पर पहनकर अपनी खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। इन आउटफिट्स को कैरी कर इस खास मौके पर आप परफेक्ट फेस्टिव लुक पा सकेंगी। जन्माष्टमी के बाद राधाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस बार 31 अगस्त को राधाष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है। लेकिन अगर आप इस मौके पर कंफ्यूज हैं कि आपको कौन सा आउटफिट पहनना चाहिए, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे सूट डिजाइन के बारे बताने जा रहे हैं, जिनको आप राधाष्टमी के मौके पर पहनकर अपनी खूबसूरती बढ़ा सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड राउंड नेक अनारकली सूटः** हर साल की तरह इस साल भी यदि आप राधाष्टमी के मौके पर सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो आप खूबसूरत फ्लोरल प्रिंटेड राउंड नेक अनारकली सूट को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट आप मार्केट से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं। या फिर इस सूट को ऑनलाइन खरीद सकती हैं। इस सूट को पहनकर आप बला की खूबसूरत नजर आएंगी।

**फ्लोरल चंदेरी सिल्क कुर्ता सेटः** हर साल की तरह इस बार भी अगर आप राधाष्टमी के पर्व को खास और यादगार बनाना चाहती हैं, तो आप खूबसूरत फ्लोरल चंदेरी सिल्क कुर्ता सेट ट्राई कर सकती हैं। इसको पहनकर आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत दिखेगा।

**फ्लोरल प्रिंटेड एम्पायर कुर्ता सेटः** राधाष्टमी के खास मौके पर अगर आप कुछ अलग या यूनिक ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आप फ्लोरल प्रिंटेड एम्पायर कुर्ता सेट कैरी कर सकती हैं। इन दिनों इस तरह के सूट काफी चर्चा में हैं। यह सूट अधिकतर लड़कियों को पसंद आ रहे हैं। ऐसे में राधाष्टमी के खास मौके पर यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। इसको पहनकर आप अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड रेगुलर कुर्ता सेटः** अगर आप भी राधाष्टमी के दिन एक जैसे कपड़े पहनने की बजाय कुछ अलग ट्राई करने का सोच रही हैं, तो फ्लोरल प्रिंटेड रेगुलर कुर्ता सेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। राधाष्टमी पर इस तरह का सूट पहनकर आप सुंदर हसीना से कम नहीं लगेंगी। यह सूट आपको गॉर्जियस लुक देने में सहायता करेगा। इस तरह का सूट आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।



# संगठन की शक्ति ही चुनावी जीत की कुंजी: हरीश

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि संगठन की शक्ति ही चुनावी जीत की कुंजी है। ऐसे में हम सभी का दायित्व भी है कि सभी मिलकर भाजपा को जमीनी स्तर तक और अधिक मजबूत करें। साथ ही जनता के बीच भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

ज्वालानगर सेक्टर एक पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा की मजबूती बूथ स्तर से ही शुरू होती है, और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास कार्य हो रहे हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस बैठक में संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बूथ प्रबंधन, मतदाता सूची का पुनरीक्षण, जनसंपर्क अभियान, और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं का डाटा तैयार करने को कहा है, ताकि समय आने पर उस डाटा का वोटर लिस्ट से मिलान किया जा सके। इसमें जो लोग मतदाता बनने से रह गए हैं, उनका वोट भी बनवाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी से पूर्ण मनोयोग से संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों से आहवान किया कि वे प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ, मजबूत संगठन मजबूत देश की नींव है। उन्होंने 17 सेक्टरों के सौ से अधिक बूथ अध्यक्षो से संवाद किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष विक्की सक्सेना, राजीव लोचन, कुंवर बहादुर राजपूत, प्रमोद कुमार लोधी, सुमित कुमार, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल स्टोर पर औचक निरीक्षक छापामार आर्यवही



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** के माध्यम से वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए नकली, अधोमानक, नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम हेतु औषधि निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक एवं थाना कोतवाली पुलिस को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। औषधि निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक एवं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सयुंक्त टीम रूप से राजद्वारा चौराहा स्थित ताज मेडिकल स्टोर थाना कोतवाली पर कोडीन सीरप बेचने की शिकायत पर छापेमारी की। निरीक्षण के समय एच1 रजिस्टर चेक किये एवं विक्रय अभिलेख संतोष जनक नहीं पाया गया और लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन भी संतोषजनक नहीं पाया गया। निरीक्षण में 02 नमूने संग्रहित कर जांच के लिये लखनऊ प्रयोगशाला भेज दिये।जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। ताज मेडिकल स्टोर को 22(1)(डी) के तहत बंद करा दिया गया है और अग्रिम आदेश तक बंद रहेगा। निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल को प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। नकली, अधोमानक, नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने मनीषा के निधन पर शोक व्यक्त किया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। शिक्षिका मनीषा की संदिग्ध मौत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनीषा को इंसाफ दिलवाने और उसके कातिलों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की।

बताते चले कि 13 अगस्त को हरियाणा के भिवानी के एक खेत से एक लड़की का शव मिला था। शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। जांच में पता चला कि जिस लड़की का शव मिला है, उसका नाम मनीषा है जो 11 अगस्त से लापता थी। मनीषा के परिवारवाले उसकी तलाश कर रहे थे। परिवारवालों से पुलिस ने संपर्क किया और बेटी का शव मिलने की जानकारी दी। नगर पंचायत सहानपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनीषा के हथियारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन, युवा ब्लॉक अध्यक्ष फैज एडवोकेट, युवा नेता अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, वसीम अख्तर, वकील मंसूरी, युसूफ मंसूरी, सोनू, रोहतास, हरि ओम, सचिन कुमार, शरीफ, शमशाद, भुरे, रिहान जमाल, वसीम अहमद, शारिब अंसारी आदि रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के तहत उद्यमियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के तहत उद्यमियों द्वारा कोल्ड चेन आई.क्यू.एफ. यूनिट (व्यक्तिगत त्वरित फ्रीजिंग यूनिट) के प्रस्ताव के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं जैसे राजस्व की धारा 80, जमीन से संबंधित व अन्य लंबित समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में उद्यम स्थापना से संबंधित किसी भी प्रकरण को अधिक समय तक लंबित न रखा जाये, उसका निस्तारण त्वरित गति से होना चाहिए। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा इकाईयों के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र समय से न देने या अन्य किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। योजना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 जो कि आगामी 5 वर्षों तक लागू रहेगी। यह नीति प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कृषि अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। नीति का उद्देश्य पूंजीगत सब्सिडी, कर प्रतिपूर्ति, और बुनियादी ढाँचे एवं प्रौद्योगिकी के लिए सहायता प्रदान करके खेत से लेकर कांटे तक की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। जिसके तहत बड़े स्तर पर रेडी टू ईट उत्पाद बनाने पर एवं कोल्ड चेन यूनिट्स आदि की स्थापना पर इकाई लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 करोड़ रुपए तक अनुदान अनुमन्य है। उद्यान अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत कोल्ड चेन फैक्ट्री स्थापित करने के लिए अब तक 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके द्वारा लगभग 360 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में फल, सब्जी जैसे मटर, गाजर व रेडी टू ईट खाद्य पदार्थों को संरक्षित किया जायेगा, जो ऑफ सीजन में मार्केट में उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के मटर, गाजर आदि की खेती करने वाले कृषकों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और साथ ही जनपद में सब्जी की फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि भी होगी और किसानों को बेहतर मूल्य मिलने से आय में वृद्धि होगी। इस क्षेत्र के लिए जनपद का विकासखंड बिलासपुर इंडस्ट्रीज का हब बनकर उभर रहा है। बैठक में उद्यमी सलमान मालिक, योजना प्रभारी कु .पूजा एवं उद्यमी ग्रीन वुड फूड्स शाहिद खान, आर जे इंडस्ट्रीज मनोज कुमार, नीलांबर एग्रो यूनिट ऑफ शिव पुरिया इंडस्ट्रीज आशीष चौधरी, एमआर फ्रोजन फूड राउत अली के साथ साथ एफ.के.इंडस्ट्रीज, एजे फ्रोजन फूड्स व एचएसबी फूड्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राधा-कृष्ण रूप सज्जा में बच्चों ने बिखेरा जलवा



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शनिवारीय सभा में राधा-कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने राधा व कृष्ण का रूप धारण कर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। रूप सज्जा में सपना, काजल व तनु एवं अंशिका व सोनिया को प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता, सहायक अध्यापिका अंजली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाए त्योहार : थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** शनिवार शाम को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बिस्कोहर के परिसर में आगामी त्योहार गणेश पूजा एवं बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार प्रेम व सौहार्द के प्रतीक होते हैं ऐसे में किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। डीजे संचालन को लेकर उन्होंने मानकों के वितरीत डीजे बजाने पर सीज करने की चेतावनी दी। चौकी प्रभारी वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने सभी से सहयोग की अपील की ताकि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हो सके। इस मौके पर दीवान इंद्रजीत सिंह, सपा नेता सुरेश पांडेय, आशीष गुप्ता, तौहीद अहमद, शेष राम, शाहिद, अब्दुल हकीम, सदा बीज यादव आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर तमंचे का वीडियो क्षेत्र में बनी चर्चा का विषय

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना बाइक पर सवार चार युवकों द्वारा अवैध तमंचा बाइक के स्टेरिंग पर रखकर घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर तमंचे का वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुईं है। और हर व्यक्ति यह जानने की कोशिश कर रहा है कि वीडियो कहां का है। मामले को पुलिस भी गंभीरता से ले रही है। शुक्रवार की रात से सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल होता दिखाई दिया तथा लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रुपों में वीडियो दिखाई दे रहा है। वीडियो में चार युवक एक बाइक पर सवार है तथा उन्होंने अपनी बाइक के स्टेरिंग पर तमंचा रख रखा है। और बाइक चला रहे हैं चारों युवक मौज मस्ती कर रहे हैं तथा कुछ दूर चलने के बाद हवा में तमंचा भी लहरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर डाली गई वीडियो में यह भी दशार्या गया है कि वीडियो नगीना क्षेत्र के गांव का बताई जा रही है। जिसमें चारों युवक साफ दिखाई दे रहे हैं। और तमंचा भी लहरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वीडियो वायरल होने पर पुलिस भी हरकत में आ गई है थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई सोशल मीडिया से इस तरह की वीडियो फैलाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली कथा है श्रीमद्भागवत : भक्ति वेदान्त मधुसूदन महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



वृन्दावन। सेवाकुंज-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीसिद्ध पीठ इमलीतला में प्रमुख समाजसेवी प्रवीण भाई अम्बालाल पटेल की पावन स्मृति में चल रहे श्रीमद्भागवत कथामृत महोत्सव के अंतर्गत व्यासपीठ से त्रिदण्डी स्वामी श्रीमद् भक्ति वेदान्त मधुसूदन महाराज (विश्वबंधु) ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्त-श्रृद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का रसास्वादन कराया। व्यास पीठाधीन त्रिदण्डी स्वामी श्रीमद् भक्ति वेदान्त मधुसूदन महाराज (विश्वबंधु) ने श्रीमद्भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दशार्या है। भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली यह कथा सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मयार्दा, द्वैत-अद्वैत, निर्गुण-सगुण का ज्ञान प्रदान करती है। वस्तुतः श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है। इसीलिए इस ग्रंथ के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय हो जाता है और भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त होती है। इस अवसर पर आयोजित नंदोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से सम्बंधित भजनों व बधाईयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया ।साथ ही खेल-खिलौने, रुपए-कपड़े, मेवा-मिष्ठान्न और वस्त्रादि लुटाए गए। इससे पूर्व महोत्सव के मुख्य यजमान स्वप्निल पटेल (गुजरात) ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ एवं व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर उनकी आरती की। महोत्सव में यमुना कुंज के अध्यक्ष श्रीस्वामी भक्ति प्रदीप पद्मनाभ महाराज, इमलीतला के अध्यक्ष गोविन्द दास दामोदर महाराज, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, भक्तिवेदांत दामोदर महाराज, भक्तिवेदांत साधु महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, प्रेम प्रदीप दास, राधा नाथ दास आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# बीईओ ने टाण्डा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वार सुनील कुमार सक्सेना ने शनिवार को टाण्डा क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे-मील की गुणवत्ता और शैक्षिक स्तर की जांच की। बीईओ ने शिक्षकों को विभागीय निदेर्शों के अनुसार शिक्षण कार्य कराने और निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों का नियमित आकलन करने पर जोर दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जालपुर में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक मौजूद मिले। बीईओ ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल-जवाब किए, जिनके संतोषजनक उत्तरों पर उन्होंने शिक्षकों एवं छात्रों की प्रशंसा की। सहायक अध्यापक मोहम्मद तनवीर और ग्राम प्रधान नाजिर अली ने बीईओ को स्कूल भवन, स्मार्ट बोर्ड और विद्यालय से सटी हुई ग्राम समाज की भूमि दिखाई। बीईओ ने ग्राम प्रधान से स्कूल में मिट्टी डलवाने और पंचायत से अन्य कार्य कराने को कहा। प्रधानाध्यापक रविंदर कुमार ने स्कूल से जुड़ी सभी जानकारियां बीईओ को उपलब्ध कराईं। स्कूल का शैक्षिक स्तर और साफ-सुथरा परिवेश देखकर बीईओ ने खुशी जताई और पूरे स्टाफ की सराहना की।



# पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा रखे गए जनहित के अन्य प्रस्ताव को किया गया पास

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में वर्ष 2025- 26 के लिए 48 करोड़ 29 लाख 52 हजार रुपए का लाभ का बजट आम सहमति से पास। शासन के आदेश पर गृह कर नई स्क्वायर फीट दरों को लागू करने का प्रस्ताव भी बहुमत से पास हो गया। सभासदों द्वारा रखे गए जनहित के अन्य प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया है जिनमे बोर्ड की प्रतिमाह बैठक होना भी शामिल है। नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक शनिवार की दोपहर 2 बजे नगर पालिका के सभा कक्ष में चेयरपर्सन ताहिरा खलील की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी रामाश्रय के संचालन में आयोजित की गई। जिसमें शासन के आदेश पर हाउस टैक्स की नई दरो को लागू करने पर चर्चा की गई। जिसे सभी सभासदों ने एक राय होकर पास किया। बैठक में बड़ा बाबू इफ्तखार जेदी ने पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की अनुमति से 2025-26 का 48 करोड़ 29 लाख 57 हजार रुपए की लागत से सड़के, खड़ाजे, नाले, नाली, विद्युत, पेयजल, वह अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे ।उस्मान जैदी सभासद द्वारा शव यात्रा वाहन की व्यवस्था की जाए, हर वार्ड में शव फ्रीजर रखे जाए हर वार्ड में हाईटेक सीसी कैमरे लगवाए जाएं, पालिका मीटिंग हॉल को माइक आदि से सुसज्जित किया जाए पालिका द्वारा एक मशीन खरीद कर सीएससी को डोनेट की जाए जनरेटर खरीदे जाएं जिससे बात में जनाजे के लिए लाइट की व्यवस्था की जाए, आवारा कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था की जाए, पालिका द्वारा पुराने बढ़ापुर मार्ग से अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए बृजमोहन उर्फ बल्ली बिश्नोई द्वारा प्रस्ताव की संख्या बढ़ाई जाए किसके लिए 2000 लाइटों की आवश्यकता है लालसराय चौकी वाली सड़क के दोनों को गेट बनवाया जाए जिस पर नेशनल अवार्ड इंग का नाम लिखिया जाए आने वाली सर्दियों में कंबल वितरण किया जाए वार्ड नंबर 1 जेके हॉस्पिटल से आगे तक नाला बनवाया जाए आदि प्रस्ताव रखें। नगर पालिका परिषद परिसर में माल बनाए जाने और नगर पालिका कार्यालय को वाटर बॉक्स में ले जाए जाने और पालिका कार्यालय भवन का का नक्शे के साथ बजट शासन को भेज कार्यवाही चल रही है। बैठक में कपिल पवार, नाहिद परवीन, राधा रानी, सुनीता देवी, रोहित बिश्नोई, राजकुमार सैनी, राम कुमार यादव, फरहीन अंजुम परवीन, निगत प्रवीन, शगुफ्ता, राफिया, मो सारिक,, शबनम परवीन, मोहम्मद अहमद, बाहर फातिमा, सायरा, बृजमोहन उर्फ बाली, नूर मोहम्मद, मन असलम, मोहम्मद राशिद मोहम्मद उस्मान, संजीव दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद संत कबीर नगर में जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र मिश्रा जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हरिनंदन जी रहे तथा आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सबीहा मुमताज द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कला उत्सव की प्रतियोगिता में जनपद के कुल 13 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनौली, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौरहरा, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघौली, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक गिरधरपुर, हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद, वासुदेव दास इंटर कॉलेज अलीनगर,मौलाना आजाद इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज मेहदावल, पीवी बालिका इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज भदाह ,नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज मेहदूपार, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धर्म सिंघवा तथा पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद संत कबीर नगर ने प्रतिभाग किया । जिसमें संगीत गायन एकल में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद की अंजनी साहनी को प्रथम स्थान सुमन बघौली को द्वितीय अल्फिया मेहदूपार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संगीत गायन समूह में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद की नीतू प्रथम अंकित चौधरी बघौली द्वितीय तथा उजाला मौलाना आजाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ संगीत वादन स्वर में खुशी प्रथम स्थान संगीत वाद में बीनू राजकीय पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान ताल वाद में सावित्री बघौली को द्वितीय स्थान मिला। एकल नृत्य शास्त्रीय में स्नेहा राय पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को प्रथम स्थान अंशिका बघौली को द्वितीय स्थान खुशबू धर्मसिंहवा को तृतीय स्थान मिला। लोक नृत्य समूह क्षेत्रीय में राजकीय इंटर कॉलेज बनौली तथा पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला ।अंशिका यादव बघौली को द्वितीय स्थान तथा गिरधरपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लघु नाटिका में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के नम्रता त्रिपाठी को प्रथम स्थान सुधा धर्मसिंघवा को द्वितीय स्थान मिला। दृश्य कला चित्रकला में मोहित कुमार हीरालाल रामनिवास को प्रथम पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अंशु को द्वितीय खुशी यादव राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिल्प कला में डीएवी इंटर कॉलेज की शिवानी कांडू को प्रथम स्थान राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघौली की शीला को द्वितीय स्थान पीएम श्री सलोनी यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

# नरौरा में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह की स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी




वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** नरौरा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिमाचल राजस्थान के राज्यपाल श्रद्धेय स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर नरौरा में गंगा किनारे स्मृति स्थल पर एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया पूर्व भाजपा विधायक प्रेमलता वर्मा व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह सौरभ कुमार प्रवीन राज पूर्णिमा सिंह लोधी विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी डिबाई देवेंद्र सिंह लोधी विधायक स्याना देवेंद्र सिंह राजपूत कासगंज हरि ओम अमापुर वीरेंद्र मारहरा महेंद्र सिंह लोधी साहब सिंह लोधी अंकुर लोधी प्रीति यादव चेयरपर्सन नरौरा मयंक वार्ष्णेय पिंटू लोधी सहित हजारों भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की बाबूजी की आत्माओं की शांति के लिए हवन कीर्तन तथा बाबूजी के कारण अयोध्या में बने राम मंदिर का एक इतिहास रच गए की तर्ज पर गीत प्रस्तुत किए गए अलीगढ़ से लेकर नरौरा मार्ग गंगा घाट तक बाबूजी कल्याण सिंह अमर रहे बाबूजी कल्याण सिंह अमर के जयकारों गूंज रहा था। राजू भैया सहित परिजन बाबूजी की यादों को ताजा करते हुऐ भावुक दिखाई दिए। इस मौके पर अतरौली के पूर्व प्रमुख मनोज कुमार लोधी मलखान सिंह केसरी सिंह भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव रविंद्र कुमार उर्फ डैनी चरण सिंह राहुल वर्मा अनार सिंह लोधी प्रमुख डिबाई आनन्द लोधी प्रमुख दानपुर राजवीर सिंह एडवोकेट प्रमोद कुमार यादव परमानंद निषाद मंडल अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्तरुप से थाना दुधारा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्तरुप से थाना दुधारा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना । थाना समाधान दिवस आयोजन से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर राजस्व विभाग से 08 प्रकरण पुलिस विभाग से 02, थाना दुधारा पर राजस्व विभाग से 04 प्रकरण पुलिस विभाग से 00, थाना धनघटा पर राजस्व विभाग से 15 प्रकरण पुलिस विभाग से 00, थाना महुली पर राजस्व विभाग से 06 प्रकरण पुलिस विभाग से 00, थाना मेंहदावल पर राजस्व विभाग से 01 प्रकरण पुलिस विभाग से 01, थाना बखिरा पर राजस्व विभाग से 02 प्रकरण पुलिस विभाग से 00, थाना बेलहरकला पर राजस्व विभाग से 01 प्रकरण पुलिस विभाग से 00, थाना धर्मसिंहवा पर राजस्व विभाग से 00 प्रकरण पुलिस विभाग से 00 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमे जनपद के समस्त थाना से कुल राजस्व विभाग से 37 प्रकरण व पुलिस विभाग से 03 प्रकरण प्राप्त हुये । महोदय द्वारा फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित दिया गया । थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।

इस दौरान उपजिलाधिकारी खलीलाबाद, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह, थानाध्यक्ष थाना दुधारा इन्द्रभूषण सिंह सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# दादी प्रकाशमणि की स्मृति में ब्रह्माकुमारीज ने लगाया रक्तदान शिविर !

वेलकम इंडिया




देहरादून के सुभाषनगर में ब्रह्माकुमारी दादी प्रकाशमणि की स्मृति में देशव्यापी विशाल रक्तदान अभियान के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर 600 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्तदान शिविर केवल माउंट आबू व देहरादून में ही नही बल्कि देश दुनिया के सभी ब्रह्माकुमारीज केंद्रों पर आयोजित किया गया है। रक्तदान शिविर में एकत्र हुआ रक्त बीमार लोगो के जीवन मे स्वस्थ होने का कारक बनेगा। देहरादून के सुभाषनगर सेवाकेन्द्र पर आयोजित हुए रक्तदान शिविर का उद्घाटन बहन सीमा डूंगरकोटी सिविल जज-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,देहरादून , बी के मंजू दीदी सबजोन-संचालिका, देहरादून, हरीश रंसवाल( सदस्य,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ,देहरादून तथा बीके सुशील भाई की उपस्थिति में किया गया ।इस अवसर पर बीके आरती दीदी (ऋषिकेश), बीके रमा दीदी (नाहन),बीके तारा दीदी (विकास नगर) सहित सभी ब्रह्माकुमारी बहनें व भाई उपस्थित रहे ।सिविल जज बहन सीमा ने ब्रह्माकुमारीज के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज सेवा के लिए बहुत ही अच्छे कार्य कर रही है ।इस अवसर पर बीके मंजू दीदी ने ब्रह्माकुमारीज संस्था की रचनात्मक गतिविधियों से अवगत कराया ।इस रक्तदान शिविर में सैकडों लोगों भाग लिया,जिसमें बहन अंजना गुप्ता (संयुक्त निदेशिका,महिला कल्याण विभाग) रोहित रंजन ,रेखा गर्ग( पूर्व प्रेजीडेंट ,रोटरीक्लब ऋषिकेश),एम.के राणा सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया ,जिनको संस्था की तरफ से बी के मंजू दीदी व सिविल जज बहन सीमा डूंगरकोटी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका होंसला बढाया गया।

# कढ़ी-चावल का प्रसाद बांटकर मनाई शनि अमावस्या



वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर/**पहासू स्थित बालाजी धाम पर शनि अमावस्या को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।शिकारपुर रोड स्थित बालाजी धाम तथा नवग्रह मन्दिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही ।शनि अमावस्या पर नवग्रहों की विशेष पूजा अर्चना की गई तथा भजन कीर्तन कर इष्टदेव का स्मरण किया। भंडारा लगाकर मन्दिर पर कढ़ी-चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, शांति स्वरूप शर्मा , प्रतीक शर्मा ,पुनीत विशाल,ऋतिक सविता, मनोज पुजारी आध्या, मीना शर्मा , विनीता शर्मा, नवदीप आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया लायंस क्लब बागपत का अधिष्ठापन समारोह

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। लायंस क्लब बागपत के भव्य अधिष्ठापन समारोह का आयोजन स्थानीय सभागार वात्स्यान पैलेस में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष लायन डॉक्टर विनय सिसोदिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि लायन एके मित्तल, उद्घाटन अधिकारी लायन अरविंद संगल, मुख्य वक्ता लायन पंकज बिजलवान, अधिष्ठापन पदाधिकारी लायन आदित्य गुप्ता और दीक्षा अधिकारी लायन नवनीत अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह में लायन अजय शर्मा को लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विजयपाल यादव को सचिव और परमवीर वर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर दो नए सदस्यों, कर्मवीर तोमर और पदम सिंह चौहान को लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर लायन एके मित्तल पूर्व मंडल अध्यक्ष ने दो गरीब छात्राओं को साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने सामाजिक सेवा और समुदाय के उत्थान में लायंस क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। लायन डॉक्टर विनय सिसोदिया ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और क्लब के सामाजिक कार्यों को और सशक्त करने का आह्वान किया। लायंस क्लब बागपत ने इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में अपने आगामी योजनाओं और लक्ष्यों को साझा किया, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान देने की प्रतिबद्धता शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, राजपाल शर्मा, नीरज नैन, एडवोकेट गजेंद्र सिंह बली, महबूब खान, डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा, अरविंद गुप्ता, महेश चंद शर्मा, समय सिंह, प्रमोद प्रकाश शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, जयपाल शर्मा, सोहनपाल, इंटरनेशनल अवॉर्डी, महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त गंगापुर सिटी ने शुल्क वसूलने के बाद भी नहीं दिये दस्तावेज, राजा भईया ने कराई धोखा धडी की शिकायत दर्ज



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मोन-9811371054,9818951279

सवाई माधोपुर जिले की गंगापुर सिटी तहसील के नगर परिषद आयुक्त द्वारा शुल्क वसूलने के बावजूद नियमानुसार मांगे गए दस्तावेजों की सत्य प्रतियां उपलब्ध ना कराने का एक और सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज इसका खुलासा करते हुऐ बताया कि उन्होंने ग्राम उदेई कलां कर्मचारी कालोनी गंगापुर सिटी में नगर परिषद आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से मिली भगत कर अवैध रूप से नियम विरुद्ध नौ मंजिला बनाई जा रही इमारत के संदर्भ में साक्ष्य अधिनियम की धारा 74 एवं 76 के तहत सौ रुपए का पूर्व भुगतान भारतीय पोस्टल ऑर्डर से करते हुऐ उपरोक्त नगर परिषद आयुक्त के समक्ष एक आवेदन दिनांक 10/07/2025 को जमा करा कर उपरोक्त भूखंड एवं सम्बंधित पत्रावली की सत्य प्रतियां मांगी थी जो कि सभी दस्तावेज सार्वजनिक एवं सरकारी दस्तावेज हैं, राजा भईया के द्वारा भेजे गए पोस्टल ऑर्डर से सौ रुपए का शुल्क वसूलने के बावजूद भ्रटाचार को छुपाने के लिऐ उन्हें आज तक नगर परिषद आयुक्त एवं सम्बंधित नकल बाबू ने उनके द्वारा मांगे गए दस्तावेजों की सत्य प्रतियां उन्हें उपलब्ध नहीं कराई है बाकौल राजा भईया नगर आयुक्त एवं उनके अधीनस्थ संबंधित अधिकारी स्वयं इस पूरे प्रकरण में संलिप्त हैं और सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं इसी लिऐ उन्हें मांगे गए सरकारी दस्तावेजों की सत्य प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, शिवसेना नेता ने इस बाबत आज थाना कोतवाली गंगापुर सिटी के प्रभारी, एसएचओ को लिखित शिकायत रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा भेज कर नगर आयुक्त एवं सम्बंधित नकल बाबू आदि के विरुद्ध उनके साथ धोखा धडी करने, विश्वासघात करने एवं अपने लोकसेवक होने के दायित्वों की पालना ना किए जाने पर सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने हेतु शिकायत दर्ज कराई है शिकायत की प्रति पत्रकारों से सांझा करते हुऐ उन्होंने बताया कि यह एक गम्भीर मामला है कि नगर परिषद आयुक्त जैसे वरिष्ठ पद पर नियुक्त होने के बावजूद, और उनसे शुल्क वसूलने के बाद भी उन्हें मांगे गए दस्तावेजों की सत्य प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई गई है जबकि मांगे गए दस्तावेजों कि सत्य प्रतियां जो कि सार्वजनिक और सरकारी दस्तावेज हैं को शुल्क वसूल कर उपलब्ध कराना साक्ष्य अधिनियम की उपरोक्त धाराओं के तहत उपरोक्त नगर आयुक्त की जिम्मेदारी है और ड्यूटी भी है तथा यह नियमानुसार भी है, आपको बताते चले कि ये वही प्रकरण है जिसमें भूखंड स्वामियों को नगर परिषद द्वारा पूर्व में मात्र दो मंजिला इमारत बनाने की स्वीकृति नक्शा पास करते हुए नगर परिषद के तत्कालीन आयुक्त ने दी थी परन्तु मिली भगत और भ्रष्टाचार करते हुऐ इस उपरोक्त भूखंड पर नियम विरुद्ध नौ मंजिला अवैध इमारत बना दी गई है और आज भी निर्माण कार्य जारी है तथा लिखित शिकायतें करने के बाद भी भूखंड स्वामियों, संबंधित नगर परिषद के अधिकारियों तथा इस अवैध इमारत के विरुद्ध आज तक कैसी भी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है इससे स्पष्ट है कि उपरोक्त नगर आयुक्त स्वयं सीधे तौर पर इस गोल माल में अपने अधीनस्थ संबंधित अधिकारियों सहित शामिल हैं जल्द ही राजा भईया ने इस पूरे प्रकरण को कोर्ट में ले जाने की भी चेतावनी दी है।



# अब्या प्रोडक्शन ने किया सिंगिंग शो 10 कदम आगे का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली। विवेक जैन।** अब्या प्रोडक्शन ने लाजपत भवन ऑडिटोरियम में पार्श्वसंगीत के साथ सिंगिंग शो 10 कदम आगे का सफलतापूर्वक भव्य आयोजन किया। इस शो का आगाज अब्या प्रोडक्शंस के सीईओ योगेश मलिक, अब्या प्रोडक्शंस की मैनेजिंग डायरेक्टर बब्लि मलिक, मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह शंटी जो कि जाने-माने राजनेता और समाजसेवक हैं और अब्या प्रोडक्शन की टीम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शो में आए हुए अन्य बड़े अतिथि के रूप में अरुण कुमार ओझा जो कि फिल्म निमार्ता और कलाकार हैं, एजी ग्रुप के फाउंडर गौरव गोयल, एक रियल एस्टेट का जाना-माना नाम, इंदरजीत कौर, कल्याण ट्रस्ट एनजीओ से उपस्थित थे। शो को सफल बनाने में शो की टीम का बहुत बड़ा सहयोग रहा, उपमा दुआ जो कि एक फेमस एंकर और कलाकार, साथ ही अब्या प्रोडक्शंस की चीफ बिजनेस ऑफिसर हैं, जिन्होंने मंच का संचालन बहुत अच्छे से किया। वीएल प्रोडक्शंस की सीईओ शालू राठी शो की मेंटोर थीं। साथ में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच से रवि राठी, गैलेक्सी प्रोडक्शंस के शफीक उर रहमान, पवन आर्ट ग्रुप से पवन शर्मा, श्री बालाजी प्रोडक्शन हाउस से धर्मेंद्र तोमर शो के सपोर्टर्स रहे। इन सभी की मेहनत से ये शो सफल हुआ है। इस शो का उद्देश्य सभी सिंगर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने का था। मौजूद सभी गायकों ने अपनी परफॉर्मेंस से सभी दर्शकों का दिल जीता जैसे विनीता सक्सेना, पुरुषोत्तम भट्ट जी, सुनीता मोइरंगथेम, नीता चंदेल, सुभाष चंदेल, गुंजन कुण्याल, हरबीर राजोरा, हरविंदर मलिक आदि। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि संजय नारायण, वरुण सूरी, अविनाश सैनी, संदीप दुग्गल, गुलाफ्शा कुरैशी, अमिताभ बच्चन जैसे दिखने वाले अरविंद अरोड़ा जी, सविता अरोड़ा, अफगानिस्तान से आई सोनिया खान, संजीव सूरी, इंटरनेशनल अवॉर्डी, महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत इत्यादि ने शो की खूब सराहना की।

# नवनियुक्त बसपा जिला अध्यक्ष एड. केपी सिंह का जिला कार्यालय पर किया स्वागत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ के रामलीला ग्राउंड में बसपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट केपी सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। आपको बता दे बहुजन समाज पार्टी के उच्च पदाधिकारी व पूर्व एमएलसी पश्चिम उत्तराखंड प्रभारी व सूरज सिंह मंडल प्रभारी की संस्तुति पर बसपा सुप्रीमो राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने आवास विकास कॉलोनी निवासी एडवोकेट केपी सिंह को हापुड़ जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था और शनिवार को पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारी ने जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष एंड.केपी सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी के उच्च पदाधिकारी व कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को फूलमाला पहनकर स्वागत किया और स्वागत समारोह के बाद केपी सिंह ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जाकर पुष्प अर्पित कर बाबा साहब का आशीर्वाद लिया साथ ही मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेंद्र भारती मुरादाबाद मेरठ मंडल प्रभारी गुजरात कार्यालय पहुंचकर तीनों विधानसभाओं की सेक्टर एवं भूतों की समीक्षा की तथा प्रेस वार्ता करते हुए केपी सिंह ने बताया कि बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती ने जो मुझ पर विश्वास जताया है में बहुजन हिताय बहुजन सुखाय नारे के साथ चलकर सभी समाज के लोगों के बीच जाकर लोगों को पार्टी से जोड़कर बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत कर 2027 में पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने का काम करूंगा। स्वागत समारोह के दौरान गजेंद्र फौजी मंडल प्रभारी, जगमाल पाल मंडल प्रभारी, सतीश प्रधान, विनोद कार्तिक जिला प्रभारी, मौजूद्दीन हुसैन डसना अध्यक्ष पति, सतीश कश्यप जिला संयोजक, राजकुमार सागर जिला सचिव, जिया परवेज, सुरेश तोमर जिला कोषाध्यक्ष महेश टायर वाले राजू जाटव मनोज सागर, रविंद्र प्रधान अशोक मुर्गी वाले, भूपेंद्र प्रधान तहसील सैफी, सोनपाल प्रधान, वीरपाल प्रधान, शिवकुमार आरिफ सेफी, प्रदीप जाटव, एडवोकेट सोनू, कैलाश हल्द्वानी, डॉक्टर शाहिद मंसूरी, कैलाश कुमार, राकेश कुमार सभासद पति, सरदार रणजीत सिंह, लोकेश अकेला, मुकेश आजाद, डॉ सुनील सरकार, दीपक बौद्ध, दीपक भंते, नितिन, अमित राजपाल, सुनील पटवारी धर्मगत सभासद, मनीष कुमार, मोनू जाटव, दिलीप जाटव, राजेंद्र कश्यप, वेद वरुण शर्मा, अजब सिंह, देवेंद्र विमल, सूरज ,हीरालाल मास्टर, अनुराग, एडवोकेट सुनील आजाद, अजय जैयनंत, अब्दुल मलिक, फिरोज मलिक, सभासद कासिम कुरैशी, आकाश जाटव, मनीष कुमारजाटव, अशोक सभासद आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर/नरसेना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की करीब दो साल पहले नरसेना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से शादी हुई थी। वह युवक शादी के बाद अपने साथ जिला गौतमबुद्ध नगर अन्तर्गत दादरी क्षेत्र में कमरे पर ले गया था।सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। शनिवार को दोपहर के समय महिला के परिजनों को सूचना मिली कि उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। उसके ससुराल वाले उसके शव को लेकर अपने गांव में घर के लिए चल दिए। इधर महिला के परिजन भी उस महिला की ससुराल पहुंच गए। जैसे ही उस महिला का शव पहुंचा। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई शोर सुनकर लोग एकत्र हो गए।इसी बीच पुलिस को सूचना मिली और मौके पर आ गई। पुलिस द्वारा काफी समझाने के बाद दोनों पक्षों ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। महिला के गांव में घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# मथुरा जनपद में 16 सेंटीमीटर घटा यमुना का जलस्तर, फिर भी मुश्किलें बरकरार

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिले के कई क्षेत्रों में यमुना का पानी घुसने से लोग बेहाल हैं। उफान पर आई यमुना मुसीबत बन गई है। अनेक गांवों के लोग घरों में कैद हो गए हैं और छतों पर रहने को मजबूर हैं। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम लगातार बचाव और राहत कार्य में जुटी है। शुक्रवार को मथुरा की पांच कॉलोनियों समेत वृंदावन के कुछ क्षेत्रों के करीब सौ लोगों का रेस्क्यू कर राहत शिविरों में भेजा गया है। हालांकि जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। बृहस्पतिवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 166.00 मीटर से 16 सेंटीमीटर ऊपर बहने लगा था। इससे नदी के किनारे बसी कॉलोनियों और नजदीकी गांवों के लिंक रोड तक पानी पहुंच गया। जिले के कई गांव टापू बन गए, वहीं जयसिंहपुरा, यमुना खादर की दर्जनों कॉलोनियां बाढ़ की चपेट में आ गईं। लोगों के आवागमन के साथ-साथ जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के अधिकतर क्षेत्रों का बीते एक सप्ताह से यही हाल है। सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। हालांकि प्रशासन और सिंचाई विभाग की टीम लगातार बचाव कार्य और लोगों की मदद करने में जुटी हुई है। शुक्रवार को सदर के जयसिंहपुरा, औरंगाबाद, राजपुर खादर कई कॉलोनियों समेत वृंदावन के कुछ क्षेत्रों के करीब सौ से अधिक लोगों का रेस्क्यू कर राहत शिविरों में शरण दी गई। एसडीएम सदर अभिनव जे जैन और क्षेत्रीय पार्षद राकेश भाटिया ने यहां राहत सामग्री बांटी, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। सदर और वृंदावन में नौ बाढ़ राहत चौकियां बनाई गई हैं। बाढ़ से प्रभावित लोगों को इसी में शरण दी जा रही है। शुक्रवार को सुबह से यमुना का जलस्तर लगातार नीच गिर रहा है। हथिनीकुंड से शुक्रवार शाम को 26470 क्यूसेक और ओखला से 27480 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जबकि गोकुल बैराज से तीन गुना अधिक 90483 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

# दो बाइक्स की भिड़त, एक युवक की मौत, मां-बेटा घायल

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर में शनिवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि मां-बेटा घायल हो गए। हादसा शाहजहांपुर के नंबरदार मार्केट के पास हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जानकारी के अनुसार, रोहटा थाना क्षेत्र के रसूलपुर जाहिद निवासी आशीष (पुत्र मुकेश) अपनी मां अशोक देवी को स्प्लेंडर बाइक (नं. ऊछ-5र ऊए 2552) से गढ़मुक्तेश्वर जा रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे वह शाहजहांपुर नंबरदार मार्केट के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार रविंद्र (निवासी नानपुर, हापुड़) से जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को किठौर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए रविंद्र को मेरठ रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। अचानक मौत की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में किठौर थाना प्रभारी बृजेश पांडेय ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# उपहार पाकर बच्चे बोले जगद्गुरु कृपालु जी महाराज की जय.......

वेलकम इंडिया



**मथुरा/बरसाना।** शनिवार को रंगीली महल परिसर में जगद्गुरु कृपालु परिषद् द्वारा बरसाना क्षेत्र के चन्वालीस स्कूलों के छैः हजार छात्र -छात्राओं को हर वर्ष की भांति दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं का विधिवत वितरण किया गया। इस अवसर पर जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की सुताएं डॉ श्यामा त्रिपाठी एवं डॉ कृष्णा त्रिपाठी संयुक्त रूप से नन्हें मुन्ने ब्रजवासी बालक - बालिकाओं को दुलार रहीं थीं। ब्रजवासी बच्चे भी दीदियों का प्यार पाकर मस्ती से झूम रहे थे। कृपालु जी महाराज के अनुयाई ब्रजवासी बच्चों को उपहार देते समय उनको बड़े प्रेम से बिस्कुट के साथ पेयजल आदि खिला पिला रहे थे। इस मौके पर संस्था सचिव नितिन गुप्ता ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य ब्रज एवं ब्रजवासियों की सेवा करना है। संस्था विभिन्न प्रकार से लगातार 12 वर्षों से नियमित रूप से सेवा करती आ रही है। चाहें चिकित्सालय हो देवालय हो अथवा विधवा, साधू भोज या फिर स्कूली बच्चों की पाठ्य सामग्री के साथ समय समय दैनिक उपयोग वस्तुएं प्रदान करती आ रही।

# हैकरों ने उपभोक्ता का मोबाइल कर लिया हैक, सिम, आधार व बैंक खाता को किया लॉक

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** साइबर अपराधियों ने सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर निवासी अजय कुमार पाल का मोबाइल हैक कर कर ली। पीड़ित ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। अजय कुमार पाल ने मीडिया को बताया कि बीते 13/14 अगस्त को मेरे मोबाइल का व्हाट्सएप लॉग आउट हो गया था। मैने व्हाट्सएप को लॉग इन करने के लिए अपने मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा कुछ देर बाद ओटीपी आया लेकिन व्हाट्सएप नहीं खुला, फिर मैने अपने व्हाट्सएप को अनइनस्टॉल करके इंस्टॉल किया उसके एक घंटे बाद मेरा व्हाट्सएप चालू तो हो गया लेकिन पेज ऐप एवं पे फोन से अपने बैंक अकाउंट का बैलेंस जानना चाहा तो वह लॉग आउट हो चुका था। बताया कि 18 अगस्त को दिन मे मोबाइल सिम का नेटवर्क मेरे मोबाइल से गायब हो जिसके बाद मैं नजदीकी मोबाइल सिम के स्टोर पर गया तो पता चला कि मेरा मोबाइल नंबर किसी ने ई नंबर कर स्वयं इस्तेमाल कर रहा है जिसके बाद मैंने अपना वोडाफोन सिम चालू कराकर दूसरा सिम का कापी लिया।जिसमें 36 घंटे के बाद जैसे ही नेटवर्क आया फिर दुबारा सिम का नेटवर्क गायब हो गया। जिसके बाद पीडित पुनः वोडाफोन सिम स्टोर गया वहां वोडाफोन कर्मी ने बताया की आप के नम्बर का सिम, ई सिम कोई और निकाल कर चला रहा है। जिसके बाद पीडित बैंक गया, जहां बैंक वाले ने बताया कि तुम्हारा आधार इनवेलिड और खाता सीज हो गया है। पीडित ने तुरंत इसकी लिखित शिकायती पत्र साइबर थाने पर देकर उचित कार्यवाही की मांग की।

# रेलवे स्टेशन से एक साल की बच्ची का अपहरण, बच्ची को ट्रेन से लेकर भागा युवक

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** रेलवे जंक्शन से शुक्रवार रात एक साल की बच्ची का अपहरण हो गया। बच्चों की मां अपने दोनों बच्चों को सोते हुए छोड़कर टॉयलेट करने गई थी, इसी दौरान एक युवक एक बच्ची को लेकर ट्रेन में चढ़कर फरार हो गया। रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर दो आरपीएफ थाने के सामने शुक्रवार रात 10 बजे मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी पूजा अपनी दो बच्ची के साथ प्लेटफार्म पर सो रही थी। महिला के साथ उसके दो बच्चे सो रहे थे महिला टॉयलेट करने के लिए जैसे ही गई तभी एक युवक एक बच्ची को लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़कर आगरा की तरफ चला गया।

बच्चों की मां जैसे ही टॉयलेट से वापस आई तो उसे एक ही बच्चा लेटा हुआ मिला। उसने शोर मचाया तो स्टेशन पर काफी संख्या में यात्री एकत्रित हो गए। जीआरपी और आरपीएफ ने जंक्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तलाश की। जिसमें एक युवक बच्चों को लेकर ट्रेन में चढ़कर ले जाते दिखाया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किये गए है। जल्द ही युवक का पता लगा लिया जाएगा। जंक्शन से अपहरण हुई बच्ची की तलाश में जीआरपी और आरपीएफ की टीम आगरा, झांसी और इज्जतनगर मंडलों में रवाना हो गई है।

# पुलिस मुठभेड़ में चार पशु तस्कर गिरफ्तार, दो के लगी गोली, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और सक्रिय पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई में दो तस्करों के पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, वहीं चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने तस्करों के पास से भारी मात्रा में संरक्षित पशु का मांस और अवैध हथियार बरामद किए हैं। किला क्षेत्र के बाकरगंज नदी किनारे खेत में 22 अगस्त को संरक्षित पशु के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में दरोगा मनवीर ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से पुलिस लगातार इस गिरोह की तलाश कर रही थी। किला थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम की भिड़ंत पशु तस्करों से हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुमताज उर्फ सलमान और मोहसिन गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, सिपाही सुनील कुमार भी मुठभेड़ में जख्मी हुए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से किला हुसैनबाग निवासी शमशुद्दीन, मुमताज, मोहसिन और सीबीगंज सराय तल्फी निवासी वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके चार अन्य साथी फरार हो गए हैं। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही हैं।किला पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से लगभग आधा क्विंटल संरक्षित पशु का मांस बरामद किया। साथ ही चार तमंचे, चार कारतूस, सात छुरियां, रस्सी और लकड़ी का पटला भी जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह पर अब गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की जा सकती है।

# झाँसी: मजदूरी से इनकार करने पर दबंगों का आतंक: पिता व दो पुत्रों ने आदिवासी मजदूरों को बेरहमी से पीटा, जान से मारने की धमकी

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** जिले के मोंठ थाना क्षेत्र के ग्राम खिरियाघाट से एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। गांव के दबंग बाप-बेटों ने मजदूरी करने से इनकार करना मजदूरों के लिए काल बना दिया। पहले तो उन्हें गालियाँ देकर अपमानित किया गया और फिर सरेआम मारपीट कर दी गई। इतना ही नहीं, शाम को मजदूरों के घर तक पहुँचकर उन्हें दोबारा लाठी-डंडों से पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। खेत में मजदूरी से इनकार बना गुनाह विगत 21 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे आधा दर्जन मजदूर काम पर जा रहे थे। तभी गांव के ही दो सगे भाई वहाँ आ धमके और जबरन अपनी धान की फसल का चारा उखाड़ने की मांग करने लगे। मजदूरों ने कहा कि वक्त ठीक नहीं है, तीन-चार दिन बाद वे चारा उखाड़ देंगे। बस इतना सुनना था कि आरोपी भड़क उठे और गालियाँ बकते हुए आदिवासी मजदूरों पर टूट पड़े। शाम को घर पर हमलाझ गांव में दिखे तो जान से खत्म कर देंगे सुबह की घटना के बाद मजदूरों ने मोंठ पुलिस में शिकायत की, लेकिन शाम होते-होते दबंग और भी खतरनाक रूप में लौटे। करीब 7 बजे दोनों आरोपी भाई अपने पिता के साथ मजदूरों के घर पहुँचे। लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की और धमकाते हुए कहाझ शिकायत वापस लो, वरना गांव में जिंदा नजर नहीं आओगे। शिकायत वापस लेने का दबाव पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों ने उन्हें पुलिस में दिया गया प्रार्थना पत्र वापस लेने को कहा। डर और दहशत के माहौल में पीड़ित परिवार दुबारा उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने पहुँचे। गया प्रसाद आदिवासी, छोटू उर्फ मोहित आदिवासी, फूल सिंह, कल्लन देवी, दिनेश, भारती देवी, सुकना देवी, प्रभा देवी और चांदनी देवी ने सामूहिक रूप से सीओ मोंठ अजय श्रोतीय को घटना की पूरी जानकारी दी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। शनिवार दोपहर संबंधित उपनिरीक्षक गांव के नजदीक जंगल में स्थित आदिवासी बस्ती पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बयान दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डीएम ने उप कृषि निदेशक, उद्यान विभाग व भूमि संरक्षण कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज उप कृषि निदेशक कार्यालय, उद्यान विभाग एवं भूमि संरक्षण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उप कृषि निदेशक कार्यालय के औचक निरीक्षण में डीएम ने कार्यालय के समस्त कक्षों को देखा एवं शौचालय में गन्दगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और कार्यालय के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें पाया गया कि 04 कर्मचारी एक ही दिन आकस्मिक अवकाश लिये थे जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव को निर्देशित किया कि एक साथ इतने कर्मचारियों को छुट्टी न दी जाये जिससे कार्यालय के कार्यों में बाधा न उत्पन्न हो। उपस्थिति पंजिका में यह भी पाया गया कि कर्मचारी जागृति सिंह लगातार अनुपस्थित चल रही थी इसके बावजूद भी वेतन आहरित किया गया था जिस पर डीएम ने कहा कि यह वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। उप कृषि निदेशक से जानकारी ली गयी कि कार्यालय में आने वाले पत्रों पर कार्यवाही हेतु किसको मार्क किया जाता है तो बताया कि प्रधान सहायक विजय सिंह को मार्क किया जाता है। निरीक्षण में प्रधान सहायक की कमियां पाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधान सहायक की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये और कहा कि यदि कार्यों में सुधार नहीं होता है इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाये। डीएम ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि एक महीने के अन्दर अपने कार्यालय में सुधार लाये, यदि सुधार नहीं होता है कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि समस्त पटल सहायकों की मेज पर नाम व पदनाम की पट्टिका रखी जाये और कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर की जाये। उसके उपरान्त जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और कार्यालय के विभिन्न कक्षों को देखा जिसमें से एक कक्ष में निष्प्रयोज्य सामान पड़े हुये थे जिसे निष्प्रयोज्य घोषित कराते हुये नीलामी की प्रक्रिया कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में गन्दगी पायी गयी जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया।

उन्होने उद्यान विभाग परिसर का भी निरीक्षण किया और विकसित नर्सरी का भी अवलोकन किया। उन्होने कार्यालय की रंगाई-पुताई, रख-रखाव व साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय-प्रथम का औचक निरीक्षण किया।

# बरेली में आवारा कुत्तों का आतंक, पांच साल की बच्ची हुई शिकार, आखिर कब मिलेगा छुटकारा

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** भोजीपुरा क्षेत्र के गांव फत्तेपुर से एक दर्दनाक घटना सामने आई। घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय मासूम बच्ची पर अचानक झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से बच्ची के चेहरे पर गहरे जख्म हो गए। परिजनों ने शोर मचाकर और स्थानीय लोगों की मदद से कुत्तों को किसी तरह खदेड़ा और घायल बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया और एंटी रैबीज वैक्सीन (अफश) लगाई। बरेली शहर और ग्रामीण इलाकों में आक्रामक आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। जिला अस्पताल में हर दिन दर्जनों लोग कुत्तों के काटने के बाद एआरवी लगवाने पहुंच रहे हैं। नगर निगम के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं और हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। नगर निगम अब तक शहर के आवारा कुत्तों की सही गिनती तक नहीं करा सका है। नसबंदी अभियान की स्थिति भी साफ नहीं है। निगम के पास केवल 50 कुत्तों को अस्थायी रूप से पकड़कर रखने की क्षमता है, जबकि जरूरत सैकड़ों गुना ज्यादा है। परसाखेड़ा में 1.81 करोड़ रुपये की लागत से एनिमल बर्थ कंट्रोल (अइउ) सेंटर बनाया गया था। 150 कुत्तों की क्षमता वाले इस सेंटर का उद्घाटन हुए चार महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है, लेकिन अब तक एक भी कुत्ता यहां नहीं लाया गया। इसके पीछे वजह यह है कि सेंटर के संचालन के लिए न तो किसी एनजीओ और न ही किसी प्राइवेट फर्म का चयन हो पाया है। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह ने कहा कि एबीसी सेंटर के संचालन के लिए संस्था का चयन प्रक्रिया में है। शासन के निर्देशों के अनुरूप आक्रामक और हिंसक कुत्तों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। उनका दावा है कि सेंटर शुरू होते ही एक साथ 200 कुत्तों को पकड़कर रखने की क्षमता विकसित हो जाएगी।

# इज्जतनगर रेलवे यांत्रिक कारखाना हादसाः महिला कर्मचारी बुरी तरह झुलसी, प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** इज्जतनगर यांत्रिक कारखाने में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। कैरिज रिपेयर शॉप (लाइन नंबर-3) में मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने से पेंट शॉप की महिला कर्मचारी निर्मला देवी (50 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना से पूरे कारखाने में अफरा-तफरी मच गई।सुबह करीब 10:30 बजे एसएलआर कोच की मरम्मत चल रही थी। निर्मला देवी पीवीसी शीट चिपकाने का काम कर रही थीं। इसी दौरान ज्वलनशील केमिकल का उपयोग हो रहा था, पास में पेंटिंग का कार्य जारी था और नीचे वेल्डिंग भी हो रही थी। अचानक वेल्डिंग की चिंगारी ऊपर जा पहुंची और कोच के केबिन में आग भड़क उठी। आग की चपेट में आते ही निर्मला देवी के कपड़े जलने लगे और वह गंभीर रूप से झुलस गईं। सहकर्मियों ने तत्काल आग बुझाई और उन्हें मंडलीय रेलवे चिकित्सालय ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर भोजीपुरा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस हादसे ने कारखाना प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के अनुसार, पेंटिंग व ज्वलनशील केमिकल कार्य के दौरान वेल्डिंग या अन्य मरम्मत कार्य एक साथ नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद एक ही समय में सभी काम कराए जा रहे थे।

# समाधान दिवस आयोजित, चार शिकायतें दर्ज – एक का हुआ मौके पर निस्तारण

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** शासन द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने की। समाधान दिवस में चार शिकायतें पहुंची एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को थाने पर शासन के दिशा निर्देश पर आयोजित थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ।समाधान दिवस में क्षेत्र से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। पीड़ितों के द्वारा चार शिकायतें अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराई गई। गांव मखमूलपुर निवासी किसान विक्रम मलिक ने पड़ोसी किसान पर सरकारी चकरोड को जोत देने का आरोप लगाया, कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अरशद अंसारी ने एक निजी चिकित्सक पर मारपीट व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण सत्येंद्र, वकील, कृष्णा सहित आदि लोगों ने गांव के एक दबंग पर कुएं की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कब्जा मुक्त करने की मांग की। कस्बा एलम निवासी इंद्रपाल ने पड़ोसी किसान पर खेत की मेड तोड़ने का आरोप लगाया मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समस्या का मौके पर निस्तारण करा दिया। बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया।इस दौरान राजस्व विभाग की टीम और थाना पुलिस मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि समाधान दिवस की व्यवस्था से आम जनता को अपनी समस्याएँ रखने का सीधा मंच मिलता है। शिकायतों के निस्तारण से न केवल जनता का विश्वास बढ़ता है, बल्कि पुलिस-प्रशासन की छवि भी मजबूत होती है।

## भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है - विजय कुमार यादव

**सचिन गुप्ता बाराबंकी।** धर्म संप्रदाय सुशासन गरीब मजदूर किसान का राग अलापने वाली भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है और किसानों के हितैषी कहना मात्र दिखावा है एक ओर किसान परेशान है तो दूसरी ओर गरीब किसानों को उनकी फसल की वाजिब कीमत मिलना मुश्किल है। किसान यूरिया खाद के लिए दर दर भटक रहा है और पुलिस की लाठी खा रहा है और अपनी किस्मत को कोस रहा है ।उक्त विचार सपा जिला उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किया और बताया कि इन दिनों यूरिया खाद की जो किल्लत हुई है वह किसानों के प्रति सरकार की असहिष्णुता व सरकार की किसान विरोधी सोच का नतीजा है।निजी दुकानदार व सहकारी समितियों तथा काला बाजारी करने वालों ने आपस में सांठ गांठ कर रखी है और बाराबंकी सहित नेपाल सीमावर्ती जिले की यूरिया खाद बिचौलियों के माध्यम से नेपाल में ऊंचे दामों पर बेंच कर मोटी रकम कमाई जा रही है और किसान सुबह से ही भूखा प्यासा लाइन में लगकर खाद के लिए पुलिस की लाठियां खा रहा है और मरने को मजबूर है जिसका ताजा उदाहरण सीतापुर जनपद में खाद के लिए लाइन में लगे निर्दोष किसानों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर बर्बरता की गई तो वहीं दूसरी ओर सिरौली गौसपुर ब्लॉक के एक किसान द्वारा ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर यूरिया खाद न मिलने के कारण परेशान व मजबूर होकर धान की फसल खाद के अभाव में बर्बाद हो जाने की आशंका से ग्रसित होकर डालकर आत्मदाह का असफल प्रयास किया ।इस प्रकार किसान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों व निरंकुश शासन प्रणाली से परेशान है ।जिला पंचायत सदस्य श्री विजय यादव ने सरकार से किसानों को अविलंब खाद उपलब्ध करायेजने, कालाबाजारी व नेपाल को अनियमित तरीके से भेजे व बेचे जाने पर रोक लगाए जाने की मांग किया है।

## हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुधीर पाण्डेय किए गए मनोनीत

**शिवशंकर तिवारी रामसनेहीघाट बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम पूरे गिरधर भानपुर निवासी डॉ. सुधीर पाण्डेय को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य के रुप में मनोनीत किया गया है। डॉ. सुधीर पाण्डेय, स्वर्गीय आचार्य कल्प नारायण पाण्डेय (पूर्व प्रवक्ता, संस्कृत) के सुपौत्र एवं अवधेश नारायण पाण्डेय के सुपुत्र हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.ए., एम.ए. एवं एम.फिल की उपाधियाँ प्राप्त करने के उपरांत, दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी विषय में पीएच.डी. की उपाधि अर्जित की। वर्तमान में वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के हिंदी विभाग में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। समिति में सदस्य नामित किए जाने पर क्षेत्र सहित शैक्षणिक जगत से जुड़े लोगों द्वारा उन्हें निरंतर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## श्री मंदिर डोला कमेटी द्वारा चल रहे नाटक में अंतिम नाटक में

**जहांगीरपुर :-** (बुलंदशहर)कस्बे के प्रचीन शिव मंदिर पर जन्माष्टमी के पावन पर्व से श्री मंदिर डोला कमेटी के तत्वावधान में नाटकों का आयोजन चल रहा था जिसमे क्षेत्र के सभी नागरिकों ने नाटकों का कार्यक्रमो को सफलता में विशेष सहयोग दिया ओर नाटकों का आनंद लिया जोकि शुक्रवार को विधि विधान के साथ समापन किया और उसके पूर्व पश्चात पहले नाटकों में कर रहे कलाकारों ने अपने कर्तव्य दिखाए और राजा हरिश्चंद्र, अयोध्या के सत्यवादी और दानवीर राजा थे, जिन्होंने ऋषि विश्वामित्र की परीक्षा में सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अपना राजपाट, पत्नी रानी तारामती, और पुत्र रोहिताश का त्याग कर दिया था। उन्होंने सभी कष्टों को सहा और जब विश्वामित्र ने उनकी अंतिम परीक्षा ली, तो उन्होंने तारामती से श्मशान का कर के रूप में अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़ने के लिए कहा, जिससे उनकी परीक्षा सफल हुई। भगवान ने दर्शन देकर रोहिताश को पुन: जीवित किया, उनका राज्य वापस लौटाया और उन्हें 'सत्यवादी राजा' का सम्मान प्रदान किया।इस नाटक में अहम भूमिका निभाने वाले कलाकार इस प्रकार है राजा हरिश्चन्द्र का रोल रामकिशन वर्मा ने निभाया व तारा का रोल मनोज कुमार ने विश्वामित्र का रोल मा. सुरेन्द्र मीणा ने रोहताश का रोल रोहित कुमार ने कलुआ भंगी का रोल पवन मीणा ने मंत्री का रोल राजू कुमार ने काशी के बाजार में सेठ का रोल शिवकुमार शर्मा ने अन्य रोल डा. तेजवीर सिंह सहित अन्य कलाकारों ने अपनी अपनी कलाकारी कि अहम भूमिका निभाई और मंच संचालक प्रेमपाल वेद जी एवं सहयोगी दीपक कुमार शर्मा ने मंच पर मंचन करते कलाकारों सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया और मंदिर प्रांगण में बुजुर्गो द्वारा प्रचीन वर्षो से चली आ रही परम्परा को निभाई जा रही है।

# निकाली गई श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

**वेलकम इंडिया**



संदीप तिवारी जैदपुर बाराबंकी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम पंचायत मौथरी में हर साल की तरह इस बार भी परंपरागत तरीके से श्री कृष्णा के जन्मोत्सव से लेकर 8 दिनों तक धूमधाम से भजन कीर्तन अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शनिवार को ऊँट, घोड़े, गाजे बाजे सहित सुंदर सुंदर झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा यात्रा मौथरी गाँव के विभिन्न स्थानों से होते हुए भगता तालाब पर पहुँचकर श्री कृष्ण की अलौकिक लीलाओं का मंचन पूतना वध, कालीदह में जाकर कालिया नाग नाथना, धोबी संवाद सहित कंस वध का आयोजित किया गया। कंस का वध होते ही पूरा मेला प्रांगण भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वही मेला प्रांगण में भारी संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सुरक्षा में जैदपुर पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में जैदपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा का जायजा लिया। इस अवसर पर पं. गायत्री प्रसाद तिवारी, हनुमान प्रसाद, संतोष तिवारी, अशोक तिवारी, आशीष तिवारी, अरविंद तिवारी, मनीष तिवारी 'बाल व्यास कथावाचक',राम प्रताप मौर्या, पत्रकार सन्दीप तिवारी, जितेन्द्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बच्चे भगवान का रूप हैं शिक्षक उन्हें सजाने और संवारने का करें कार्य-खण्ड शिक्षा अधिकारी

**वेलकम इंडिया**

**शिवशंकर तिवारी रामसनेहीघाट बाराबंकी।** बच्चे, भगवान का रूप हैं, उन्हें सजाने और संवारने का काम करें शिक्षक, यह प्रशिक्षण बच्चों को सजाने का कार्य करेगा।

उक्त विचार ब्लॉक स्तरीय चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे फेरे के समापन दिवस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार रॉय ने व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तीन से नौ वर्ष की आयु में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के बुनियादी कौशल सिखाना है, ताकि वे उच्च कक्षाओं में बेहतर ढंग से सीख सकें और समग्र रूप से विकसित भी हो सकें। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 'निपुण भारत' मिशन के अंतर्गत आता है और शिक्षकों को खेल, गतिविधि-आधारित और स्थानीय भाषा में शिक्षण विधियों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करता है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बीईओ बनीकोडर ने बताया कि बुनियादी कौशल का विकास, समग्र विकास, सीखने का मजबूत आधार, समावेशी वातावरण, खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य सहित अन्यान्य आयामों से बालकों की अधिगम क्षमता में अभिवृद्धि ही इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। आईकेएस अर्थात भारतीय ज्ञान परम्परा का सत्र लेते हुए एआरपी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किस प्रकार अपनी शिक्षण प्रणाली में भारतीय ज्ञान को उचित प्रतिनिधित्व अब तक नहीं मिल पाने के कारण अपने वैभवशाली अतीत के प्रति हम आत्मविस्मृत जैसे होते जा रहे थे। हममें आत्मबल, आत्म गौरव और आत्म सम्मान खोता जाता था। ऐसी स्थिति में अपने अतीत के प्रति गौरव का भाव लाने के लिए पुनः अपने मूल की ओर लौटना होगा। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से गतिविधियों का संचालन ए आर पी अनिल कुमार, अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण केआरपी अतुल कुमार गुप्ता, ए आर पी अनिल कुमार वर्मा द्वारा जिम्मेदारियों का क्रमिक हस्तांतरण एवं ए आर पी राघवेन्द्र सिंह द्वारा कक्षा कक्ष में समावेशी वातावरण और प्रिंट रिच मैटीरियल पर कार्य कराया गया। प्रशिक्षण में शिक्षार्थियों के रूप में प्रमुख रूप से लक्ष्मी नारायण मिश्रा, गिरिराज, शबाना, साधना सिंह, रमेंद्र प्रताप सिंह, संदीप पाण्डेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि प्रमुख थे।

# सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल को मिला भारत शिक्षक रत्न पुरस्कार

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कैराना मार्ग स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपना नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.के. मित्तल को दिल्ली लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से प्रतिष्ठित भारत शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए विशेष प्रयासों, कर्तव्य परायणता और समर्पण के लिए प्रदान किया गया।पुरस्कार प्राप्त करने के उपरांत प्रधानाचार्य मित्तल ने लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लयह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।इस अवसर पर ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर विकास पंवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा, अभय हुड्डा, एकता, चैतन्य, खुशी, प्रभा, अंशु सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से क्षेत्र की शिक्षा की गुणवत्ता और प्रेरणा का प्रतीक है।

# अतिक्रमण से जनता त्रस्त, भाकियू आजाद ने सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**कांधल। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के घसौली मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भारतीय किसान यूनियन (आजाद) कार्यकताओं ने आवाज बुलंद की है। संगठन के पदाधिकारी उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज से मिले और ज्ञापन सौंपकर सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग की।जिलाध्यक्ष सरताज खान ने बताया कि मार्ग के दोनों ओर बड़े पैमाने पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं, कुछ लोग पालतू पशुओं को भी सड़क पर बांध देते हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाने वालों के साथ दबंग किस्म के लोग गाली-गलौज और मारपीट तक पर उतर आते हैं। आरोप है कि यह मार्ग करीब 52 फुट चौड़ा है, लेकिन अवैध कब्जों के चलते काफी संकरा हो गया है। यह रास्ता बागपत जनपद से सीधा जुड़ता है और प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन इस पर चलते हैं। अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम और विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने शिकायत की जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस दौरान सर्वेज चौधरी, जय कुमार सिंह, शाहरुख, फैसल, रवि मलिक, सागर मलिक सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एडवोकेट के चैंबर्स में हुई चोरी की सही घटना के खुलासा को लेकर बार काउंसिल के अध्यक्ष को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सुधीर वशिष्ठ एडवोकेट ने चैंबर्स में हुई चोरी की घटना का अपूर्ण खुलासा तथा चोरी की गई रकम बरामद नहीं होने पर एक ज्ञापन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के चेयरमैन के नाम एक पत्र दीपक शर्मा, अध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद को दिया।बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को लिखे पत्र में एडवोकेट सुधीर वशिष्ठ ने कहा है कि तहसील मोदीनगर प्रांगण के सामने नगर पालिका काम्पलैक्स में प्रथम तल पर चैम्बर / दुकान नम्बर 21 व 17 में विधि व्यवसाय करता हूं इसी कॉम्पलैक्स ए०सी०पी० का न्यायालय भी स्थापित है। दिनांक 26.07.2025 की रात्रि में, नगर पालिका काम्पलैक्स के प्रथम तल में अधिवक्तओं के चैम्बर्स के ताले



तोडकर चैम्बर्स में चोरी की घटना को चोरो द्वारा अन्जाम दिया गया। पुलिस प्रशासन मोदीनगर के द्वारा दर्ज एफ०आई०आर० संख्या 429 में अपूर्ण घटना का खुलासा करते हुये, इन्वर्टर व बैटरी के साथ साथ नकद धनराशि कुल 5210/- रुपए बरामदगी कर दो अभियुक्तों को जेल भेजा गया, जबकि मुझ अधिवक्ता के चैम्बर से चोरी की गयी रकम 1,00,500/- रुपए थी, जोकि 500-500 के नोट थे, परन्तु पुलिस प्रशासन द्वारा चोरी की गयी रकम 500-500 के नोटों की बरामदगी न करके केवल कुल धनराशि 6210/- रुपए भिन्न भिन्न नोटो व सिक्कों की बरामदगी दिखाते हुये चोरी की घटना का अपूर्ण खुलासा किया गया है।ज्ञापन पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जाता है कि आप अपने स्तर से पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारीगण को, थाना मोदीनगर की पुलिस द्वारा, चोरी की सही घटना का खुलासा करने, चोरी की गयी असल धनराशि बरामदगी हेतु अभियुक्तों को रिमाण्ड अदि की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करे।एडवोकेट द्वारा पत्र की प्रतिलिपि पुलिस आयुक्त,उपायुक्त को भी भेजी गई है।

# फेसबुक पर ब्राह्मण एवं ठाकुर महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर सख्त कार्यवाही को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बे में एक वीडियो इस समय फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है जिसमें ब्राह्मण और ठाकुर महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। पंकज शरण नामक एक जाटव युवक के अकाउंट से यह वीडियो वायरल बताया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे गए हैं। वीडियो के वायरस होते ही कस्बे के लोगों में और युवकों में आक्रोश पैदा हो गया। तनाव की स्थिति को देखते ही पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच में जुट गई और आईटी एक्ट के तहत सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। तहसील से



अगले ही दिन जमानत मिलने पर आरोपी के भाई गोविंद शरण द्वारा टिप्पणी की गई उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता और आगे भी ऐसे ही पोस्ट करता रहेगा जिससे जो हो सके कर ले।जिसपर ब्राह्मण एवं ठाकुर समुदाय के लोग भड़क गए और तहसील पहुंच गए जहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की साथ ही श्री राजपूत करणी सेना द्वारा एसडीएम गोवर्धन को आरोपी पर सख्त कार्यवाही करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी, तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता सहित थानाध्यक्ष गोवर्धन रवि त्यागी ने भीड़ को समझाया तथा लगाई गईं धाराओं के बारे में बताकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया और आक्रोशित युवाओं को संतुष्ट किया।

# पत्नी ने पति को दी धमकी, प्रेमी संग मिलकर हत्या कर दूँगी, शव नीले ड्रम में भर दूँगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गाँव शकूरपुर में वैवाहिक विवाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले गरीबदास नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी अवैध संबंधों में लिप्त है।

जब उसने पत्नी को प्रेमी से मिलने से रोका तो पत्नी ने न केवल इंकार कर दिया बल्कि खौफनाक धमकी दे डाली। पत्नी ने कहा कि यदि दोबारा टोकने की कोशिश की तो प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर देगी और शव को नीले ड्रम में भर देगी। गरीबदास ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी के रिश्ते की सच्चाई कुछ समय पहले ही जान पाया था। इस पर उसने पत्नी को समझाने और संबंध तोडे के लिए कहा, मगर पत्नी ने साफ इंकार कर दिया। आरोप है कि महिला आज भी युवक से बातचीत करती है और मिलने जाती है। पीड़ित गरीबदास का कहना है कि जब उसने दोबारा इस संबंध पर आपत्ति जताई तो पत्नी भड़क उठी और जान से मारने की धमकी दी। भयभीत गरीबदास अब अपने घर जाने तक से डर रहा है। उनका कहना है कि कहीं पत्नी प्रेमी संग मिलकर उसकी हत्या न कर दे। मामले की गंभीरता को देखते हुए गरीबदास ने पुलिस से लिखित शिकायत दी है। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन द्वारा युवा पंचायत योद्धा अभियान-ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।**ऑल इण्डिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन आपका हक ,आपकी पंचायत की आवाज है। उन्होंने कहा कि गांव के नौजवानों क्या आप राजनीति में कदम रखना चाहते हैं । क्या आप अपने गांव अपने ब्लॉक और अपने के जिले की पहचान बनना चाहते हैं।लेकिन समझ नहीं आता की शुरूआत कहां से करें।तो सुनो हम देंगे आपको राजनीति की एबीसीडी से लेकर राजनीति की पी एच डी तक की ट्रेनिंग ।कैसे बोले जनता के बीच, कैसे जीते पंचायत चुनाव, कैसे बने सरकार के सामने




मजबूत आवाज, तो सुनिए ऑल इंडिया पंचायत बन रहा है ₹ पंचायत के पहरेदार₹ ( एक जिम्मेदारी वाला पद ) ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन युवाओं को राजनीति में बढ़ाने का ऐतिहासिक अवसर दे रहा है।शुरूआत होती है ₹गांव के पहरेदार₹ बनकर और यही सफर आगे चलकर दिल्ली की संसद तक ले जाएगा ।जो युवा राजनीति की पहली सीढ़ी चढ़ना चाहते हैं । उनके लिए गांव का पहरेदार अभियान ही असली दरवाजा है ।सुनो युवाओं गांव की असली ताकत पंचायत है। और पंचायत की असली पहचान ₹गांव का पहरेदार ₹ ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन दे रहा है । मौका जहां से शुरू होगी तुम्हारी राजनीति की असली यात्रा गांव से लेकर दिल्ली तक तुम्हारी आवाज गूंजेगी ।तुम्हारा हक मिलेगा।आज जोड़ो ₹गांव के पहरेदार₹ अभियान से कल राजनीति में तुम्हारा नाम हर जुबान पर होगा। बनो ₹गांव के पहरेदार ₹ बदलो राजनीति का चेहरा ।आज जुडो - कल चुनाव लड़ो राजनीति की पहली सीढ़ी पंचायत की लड़ाई से शुरू होती है। याद रखो नौजवानों राजनीतिक किताबों से नहीं मैदान से सीखी जाती है और राजनैतिक मैदान का पहला स्कूल है । ₹पंचायत₹ हमारा नेटवर्क दे रहा है।₹गाँव के पहरेदार₹ हर जिले में जिला संयोजक, हर ब्लॉक में संयोजक,हर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रतिनिधि। आज जुडने वाले युवाओं को मिलेगा युवा पंचायत योद्धा का डिजिटल कार्ड संगठन की ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्राथमिकता सोशल मीडिया पर पहचान और प्रसार संपर्क - ब्रजवीर दहिया राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया पंचायती राज संगठन 9219211632।

# सोसायटी में कुत्ते को खाना खिलाने पर बवाल

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार स्थित ब्रह्मपुत्र एंक्लेव में शुक्रवार देर रात कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई और देखते ही देखते पूरी सोसायटी में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोसायटी की रहने वाली यशिका रास्ते में कुत्तों को खाना खिला रही थी। तभी सोसायटी निवासी कमल किशोर खन्ना वहां आ गए और उन्हें इस पर आपत्ति जताई। आपत्ति जताने पर दोनों के बीच पहले तीखी बहस हुई। गुस्से में यशिका ने कमल किशोर को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद बौखलाए कमल किशोर ने भी महिला से मारपीट कर दी। देखते ही देखते वहां मौजूद लोग जुट गए और दोनों के बीच विवाद और बढ़ गया। घटना का वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला और गरमा गया। वीडियो में मारपीट की झलक साफ दिखाई दे रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामला शांत कराया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने कमल किशोर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सोसायटी में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिस ने साफ कहा है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# कार पार्किंग विवाद में सिक्योरिटी गार्ड की पिटाई, कान का पर्दा फटा

**गाजियाबाद।** शहर की पॉश सोसाइटी गोल्फ लिंक में शुक्रवार देर रात पार्किंग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि सोसाइटी निवासी पवन, साहिल और सागर ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिक्योरिटी गार्ड और मेंटेनेंस स्टाफ पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी गंभीर थी कि सिक्योरिटी गार्ड सूर्य प्रकाश का कान का पर्दा फट गया। घायल गार्ड को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद पीड़ित सूर्य प्रकाश ने कविनगर थाने में पवन, साहिल और सागर समेत अन्य हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एओए (अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन) के सचिव राजेश ने बताया कि रात करीब 11 बजे पवन नगर अपने बेटों के साथ सोसाइटी के गेट पर पहुंचे। इसी दौरान कार पार्किंग को लेकर उनकी गार्ड से बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और पवन व उसके बेटों ने गार्ड से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड को जबरन खींचकर मेंटेनेंस रूम ले जाया गया और वहां भी बेरहमी से पीटा गया। सोसाइटी के निवासियों ने आरोप लगाया कि पवन और उसके परिवार का रवैया पहले से ही दबंगई भरा रहा है। करीब एक साल पहले भी इसी परिवार ने सिक्योरिटी स्टाफ से मारपीट की थी, उस वक्त भी इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोपी पवन मूल रूप से गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले हैं और लगभग दस साल से इस सोसाइटी में रह रहे हैं। गोल्फ लिंक सोसाइटी करीब 12 साल पुरानी है और यहां 1605 फ्लैटों में करीब 9 हजार लोग रहते हैं। निवासियों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से उनकी सुरक्षा खतरे में है। घटना के बाद सोसाइटी निवासियों ने सामूहिक रूप से पुलिस को शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि सोसाइटी में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए ताकि ऐसे दबंग निवासी और बाहरी लोग दोबारा हिम्मत न कर सकें। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन देखना होगा कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कब तक होती है।

# डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर, ने आईबीएम के साथ उद्योग-अकादमी सहयोग को किया मजबूत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर, मोदीनगर ने उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आईबीएम के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी का उद्देश्य शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना है, ज्ञान संसाधनों को साझा करना और दो कार्यक्रमों - आईबीएम स्किल्सबिल्ड और आईबीएम अकादमी के माध्यम से उपयोगकताओं की क्षमताओं के निर्माण पर संयुक्त रूप से काम करना है, जिससे छात्रों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस सहयोग की घोषणा डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर मोदी नगर के कुलपति प्रो. (डॉ.) पी.एन. हृषीकेश जी ने की, जिन्होंने छात्रों और संकाय के लिए इस साझेदारी के लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर, मोदी नगर के कुलाधिपति डॉ. डी.के. मोदी जी और डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के रजिस्ट्रार यू.एन. मिश्रा ने इस विकास पर अपनी खुशी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा और उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह सहयोग छात्रों को वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं पर काम करने में सक्षम करेगा, आईबीएम की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर। इस पहल से छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ने और उन्हें उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल से लैस होने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय के मजबूत उद्योग संबंध यह सुनिश्चित करते हैं कि उसके छात्र उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। आईबीएम के साथ यह सहयोग डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे छात्रों को उद्योग के लिए तैयार किया जा सके।इस साझेदारी से छात्रों, संकाय और उद्योग को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र में कौशल विकास, नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# संविदाकर्मियों को विद्युत लाईनों पर कार्य करने हेतु सुरक्षा उपकरण वितरित किए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र यू निवाडी रोड पर संविदाकर्मियों को विद्युत लाईनों पर कार्य करने हेतु सुरक्षा उपकरण मा० विधायक डॉ मंजू शिवाच के द्वारा वितरित किये गये। सुरक्षा उपकरण वितरण करने के दौरान 3 न० पार्षद बॉबी, सोनू, ललित त्यागी भी मौजूद रहे।अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर महेश उपाध्याय ने बताया कि खण्ड के अन्तर्गत कार्यरत संविदाकर्मियों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, टॉर्च, सेफ्टी सेंसर जो लाइन के करंट के नजदीक आने पर बीप करता है, वितरित किये गये। सुरक्षा उपकरण वितरण के दौरान को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ संविदाकर्मी विद्युत लाईनों पर कार्य करने के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें।

# विद्युत वितरण खण्ड मोदीनगर के अन्तर्गत विद्युत चोरों पर की गई कार्यवाही

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, पतला निवाडी, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम निवाडी, मोदीनगर में पुलिस प्रवर्तन दल-द्वितीय, गाजियाबाद एवं सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर विशेष चैंकिग



अभियान चलाया गया। चैंकिग अभियान के दौरान 70 नं० व्यक्तियों के परिसर चैक किये गये जिसमें धारा 135 (ए०) के अन्तर्गत 07 नं० एवं धारा 138 (बी०) के अन्तर्गत 08 नं० प्राथमिकी दर्ज कराकर तथा 11 नं० उपभोक्ताओं के परिसरों से मीटर उतारकर, विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी व 27 नं० विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये। खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, यह अपने उपखण्ड /खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र / ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें।

# वैशाली प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में डॉक्टर की कमी से मरीज बेहाल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली क्षेत्र के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पिछले कई दिनों से डॉक्टर न होने की वजह से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर शनिवार को पूर्व पार्षद मनोज गोयल को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि जल्द से जल्द चिकित्सा केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सरकार ने वर्ष 2019 में वैशाली में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना की थी। इसकी पहली प्रभारी चिकित्सक डॉ. रितु वर्मा रहीं, जिन्होंने



विशेषकर कोरोना काल के दौरान उल्लेखनीय सेवाएँ देकर जनता को राहत पहुँचाई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस केंद्र पर प्रतिदिन 100 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहाँ पर मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलती रही है। लेकिन डॉक्टर के तबादले के बाद से केंद्र पर चिकित्सा सेवाएँ ठप हो गई हैं, जिससे आम जनता को मजबूरी में निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार की नीति रही है कि हर नागरिक को समय पर और सुलभ इलाज मिले, लेकिन डॉक्टर की अनुपलब्धता से यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोग इसे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आघात मान रहे हैं। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने आश्वासन दिया कि वे जनता की इस मांग को संबंधित विभाग और अधिकारियों तक पहुँचाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे कि जल्द से जल्द वैशाली प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में डॉक्टर की नियुक्ति हो सके, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिले।

# गाजियाबाद, लोनी एवं मोदीनगर महायोजना 2031 से खुलेगा विकास का नया अध्याय

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में विकास और औद्योगिकीकरण की नई संभावनाओं को परवान चढ़ाने वाली गाजियाबाद, लोनी एवं मोदीनगर महायोजना 2031 को शासन की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके प्रभावी होते ही गाजियाबाद, लोनी और मोदीनगर न सिर्फ निवेश और औद्योगिकीकरण का केंद्र बनेंगे बल्कि आधुनिक नगरीय सुविधाओं से सुसज्जित, सुव्यवस्थित और भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्मार्ट शहर का स्वरूप भी ग्रहण करेंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने संवाददाता सम्मेलन में महायोजना के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी।

अतुल वत्स ने बताया कि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) की अवधारणा को गति देने के उद्देश्य से दिल्ली-रूद्गद्दहह्लह्ल एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के समीप नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए हैं। इन क्षेत्रों के विकसित होने के बाद गाजियाबाद एक बार फिर से औद्योगिक हब के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा और निवेशकों को बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध कराएगा। महायोजना 2031 के तहत गाजियाबाद में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति लागू करना और भी आसान हो जाएगा। इस नीति के तहत रैपिड रेल और मेट्रो कॉरिडोर के आसपास आवासीय, व्यवसायिक और मनोरंजन सुविधाओं का विकास सुनियोजित तरीके से किया जाएगा।

गाजियाबाद और मोदीनगर क्षेत्र में रैपिड रेल कॉरिडोर के डेढ़ किलोमीटर के दायरे में लगभग 4200 हेक्टेयर क्षेत्र को टीओडी जोन में शामिल किया गया है, जबकि मेट्रो की रेड और ब्लू लाइन के आसपास 630 हेक्टेयर क्षेत्र इसी दायरे में लाया गया है। इसके अतिरिक्त दुहाई और गुलधर स्टेशन के समीप 900 हेक्टेयर का स्पेशल डेवलपमेंट एरिया (एसडीए) विकसित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में मिश्रित भू-उपयोग का प्रावधान रखा गया है, जिससे एक ही स्थान पर आवासीय और व्यवसायिक दोनों गतिविधियां संभव हो सकेंगी। महायोजना 2031 में फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 5.0 कर दिया गया है, जिससे बड़े और बहुमंजिला प्रोजेक्ट्स के विकास का रास्ता खुलेगा। यही नहीं, योजना में 15-15 प्रतिशत आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्रों के साथ-साथ 20 प्रतिशत हिस्से को ग्रीन एरिया के रूप में सुरक्षित रखा गया है। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा बल्कि आमजन को प्रदूषणमुक्त और स्वस्थ जीवनशैली भी मिल सकेगी। महायोजना 2031 में दो ट्रांसपोर्ट नगर, दो लॉजिस्टिक पार्क और चार ट्रक पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे जिले में सुगम यातायात, बेहतर लॉजिस्टिक्स और राजस्व सृजन को बढ़ावा मिलेगा। लोनी के निकट विकसित होने वाले लॉजिस्टिक पार्क में औद्योगिक गतिविधियों के साथ आवासीय गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं। वहीं, गाजियाबाद में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। जीडीए इसे अपने संसाधनों से या फिर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। महायोजना 2031 के अंतर्गत 24 मीटर रोड से सटे भूखंडों पर 'नीचे दुकान, ऊपर मकान योजना को लागू करने की सुविधा दी गई है। इससे छोटे व्यवसायियों और भूखंड मालिकों को दोहरा लाभ मिलेगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों ने पहले से ऐसे भूखंडों पर शोरूम या दुकान बना रखी है, वे बिल्डिंग कम्पाउंडेशन का लाभ लेकर अपने निर्माण को नियमित करा सकेंगे।

> अतुल वत्स ने कहा कि गाजियाबाद को प्रारंभिक दौर में औद्योगिक नगरी के रूप में बसाया गया था और अब यह प्रदेश का सबसे प्रमुख शहरी केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। रैपिड रेल का पहला प्रोजेक्ट गाजियाबाद को मिला, मेट्रो के तीन नए प्रोजेक्टों पर कार्य तेजी से चल रहा है और अब महायोजना 2031 के क्रियान्वयन के बाद गाजियाबाद निवेश, उद्योग, आवास और आधुनिक बुनियादी ढांचे के मामले में उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे एनसीआर का अग्रणी शहर बनकर उभरेगा।

# चार दिवसीय कार्यक्रम में 54 प्रतिभागियों ने लिया भाग, ओरल इंप्लांटोलॉजी की नवीनतम तकनीकों से हुए रूबरू



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में 20 से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित हुए 10वें कॉम्प्रिहेंसिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के पहले मॉड्यूल का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जी.एम.आई. इम्प्लांट्स, बार्सिलोना (स्पेन) के सहयोग से आयोजित किया गया। चार मॉड्यूल वाले इस कोर्स में कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस. विद्यार्थी और विभिन्न कॉलेजों के अध्यापक शामिल रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल तकनीकों से अवगत कराना था ताकि वे मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार प्रदान कर सकें। आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को दांत प्रत्यारोपण की उन्नत विधियों की गहन जानकारी दी। कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में प्रसिद्ध ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. महिजीत सिंह उपस्थित रहे। उन्हें ओरल इंप्लांटोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है और वे देशभर में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को इम्प्लांट किट के उपयोग, सर्जिकल प्रोटोकॉल और सही इम्प्लांट सिस्टम चुनने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पहले और दूसरे दिन एम.डी.एस. विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों को ओरल इंप्लांटोलॉजी की प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी बल्कि उन्हें जी.एम.आई. इम्प्लांट किट का उपयोग कर सी.बी.सी.टी. पर हैंड्स-ऑन, डमी मेंडीबल्स पर ऑस्टियोटॉमी अभ्यास और मरीज पर डिले इम्प्लांट प्लेसमेंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी कराया।

# विशेषज्ञों ने छात्रों को सिखाए धन प्रबंधन, बचत और निवेश के गुर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बदलते दौर में वित्तीय साक्षरता को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से विजयनगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 11वीं और 12वीं (कॉमर्स संकाय) के छात्रों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्राध्यापक सीए (डॉ.) एन. एन. पांडे और सीएमए (डॉ.) अमित कुमार अरोड़ा ने किया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि धन प्रबंधन, बचत की आदत और शुरूआती उम्र में निवेश जीवन में आर्थिक स्थिरता और सफलता की कुंजी हैं। डॉ. पांडे और डॉ. अरोड़ा ने छात्रों को उदाहरणों और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से समझाया कि यदि समय रहते वित्तीय आदतें विकसित कर ली जाएं, तो भविष्य सुरक्षित और सुनहरा बनाया जा सकता है। कार्यशाला में छात्रों को बताया गया कि बचत केवल पैसे इकट्ठा करना नहीं है, बल्कि उसे सही जगह निवेश करना और समझदारी से खर्च करना ही वास्तविक वित्तीय समझ है। छात्रों ने न केवल ध्यानपूर्वक सीखा बल्कि उत्साहपूर्वक सवाल भी पूछे। विशेषज्ञों ने उन्हें मनी मैनेजमेंट, बजट प्लानिंग, रिस्क मैनेजमेंट और डिजिटल निवेश साधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने उप शिक्षा निदेशक को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिले के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शनिवार को उप शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने प्रशिक्षण अवधि और इसके प्रभावों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जिले में शिक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें से एक प्रशिक्षण डाइट मुरादनगर पर और दूसरा एफएलएन प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालयों पर आयोजित हो रहा है। डॉ. त्यागी ने बताया कि डाइट पर आयोजित प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक (7 घंटे) और एफएलएन प्रशिक्षण का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक (8 घंटे) तय किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समय आवासीय प्रशिक्षण की स्थिति में तो उपयुक्त हो सकता है, लेकिन गैर-आवासीय स्थिति में यह अवधि बेहद असुविधाजनक साबित हो रही है। उमस भरी गर्मी में लगातार कई घंटों तक प्रशिक्षण करने से शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने यह भी अवगत कराया कि प्रशिक्षण कक्ष छोटे और उमस भरे हैं तथा बैठने के लिए उपलब्ध कुर्सियां भी आरामदायक नहीं हैं। ऐसे में लंबे समय तक लगातार प्रशिक्षण लेना शिक्षकों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। संघ ने मांग की कि प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रखा जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। यदि पाठ्यक्रम की आवश्यकता हो तो पाँच दिन के स्थान पर प्रशिक्षण अवधि को छह दिन तक बढ़ाया जा सकता है। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर भी असर नहीं पड़ेगा और शिक्षकों को सुविधाजनक माहौल मिल सकेगा। डॉ. अनुज त्यागी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि 25 अगस्त से जिले के विद्यालयों में सत्र परीक्षाओं का आयोजन होना है। ऐसे समय में प्रशिक्षण और परीक्षाओं का कार्यक्रम एक साथ चलने से शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा और परीक्षाओं के सुचारू संचालन में भी बाधा आ सकती है। इसलिए संघ ने मांग की कि सत्र परीक्षा वाले सप्ताह में प्रशिक्षण कार्यक्रम न कराकर इसे आगे बढ़ाया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद डाइट प्राचार्य ने शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव और शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री कनक सिंह त्यागी भी मौजूद रहे।

# चोरी और स्नैचिंग के 250 मोबाइल फोन बरामद, करोड़ों के मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने एक बार फिर अपने कुशल कार्य और तकनीक का शानदार इस्तेमाल करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। देहात क्षेत्र में पिछले लंबे समय से चोरी, स्नैचिंग और गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश में परेशान लोगों को आखिरकार राहत मिली है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के विभिन्न थानों और साइबर/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग कंपनियों के कुल 250 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। बरामदगी के बाद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों तक पहुंचा दिए गए, जिससे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। यह पूरी कार्रवाई सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई। पुलिस ने तकनीकी सबूत, लोकेशन ट्रैकिंग और मैनुअल इनपुट का सहारा लेकर मोबाइल फोनों की लोकेशन का पता लगाया और उन्हें बरामद कर लिया। ग्रामीण जोन साइबर/सर्विलांस टीम ने पूरी मेहनत और लगन से यह काम किया। अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल बरामदगी की इस प्रक्रिया में अत्याधुनिक सर्विलांस तकनीक और साइबर टूल्स का प्रयोग किया गया, जिसके चलते इतने बड़े पैमाने पर सफलता मिल सकी। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि इस अभियान में कई थानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और परिणाम भी उम्मीद से कहीं ज्यादा बेहतर मिले। खास तौर पर थाना मसूरी से सबसे ज्यादा 71 मोबाइल बरामद हुए, वहीं क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र से 50 मोबाइल बरामद किए गए। अंकुर विहार और मुरादनगर से 30-30 मोबाइल, लोनी से 16, लोनी बॉर्डर से 15, मोदीनगर और वेव सिटी से 12-12, ट्रोनिका सिटी से 8, निवाड़ी से 4 और भोजपुर से 2 मोबाइल बरामद किए गए। कुल मिलाकर 250 मोबाइल फोन अपने असली मालिकों को पहचान सत्यापित करने के बाद सौंप दिए गए। मोबाइल फोन वापस मिलने पर जिन लोगों को पुलिस से उनका फोन मिला, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# बुजुर्गों के साथ बिताया यादगार समय, भोजन, भजन और प्रेम से रचाई सौहार्द की मिसाल

वेलकम इंडिया



**एनसीआ।** सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर इनरव्हील क्लब, नवीन ग्रेटर नोएडा ने समाज में एक सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अधिति भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर न केवल उन्हें सम्मान दिया बल्कि उनके चेहरे पर मुस्कान भी बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए समोसे, बिस्कुट और जूस की व्यवस्था की गई। भोजन के साथ-साथ माहौल को और खुशनुमा बनाने के लिए गीतों और भजनों का आयोजन भी किया गया, जिसका आनंद लेकर उपस्थित वृद्धजन भावुक और प्रसन्न नजर आए। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अधिति भारद्वाज ने सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और कहा कि इनरव्हील क्लब सदैव समाजसेवा के लिए तत्पर रहेगा और जब भी हमारे बुजुर्गों को किसी मदद की आवश्यकता होगी, हम उनके साथ खड़े रहेंगे। क्लब की सचिव डॉ. शेली गर्ग ने भी सभी को प्रेम और सद्भाव से रहने का संदेश देते हुए कहा कि बुजुर्गों का मार्गदर्शन ही युवा पीढ़ी की असली पूंजी है।

# 187 किलो गांजा के साथ अंतर्जनपदीय तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस की अपराध शाखा की स्वाट टीम और थाना वेवसिटी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को अंतरजनपदीय गांजा तस्करी गिरोह को बड़ा झटका दिया है। पुलिस ने शिकोहाबाद निवासी शातिर तस्कर राकेश (42 वर्ष) को दबोचकर उसके कब्जे से 187 किलो अवैध गांजा बरामद किया। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग पचहत्तर लाख रुपये आँकी जा रही है। यह सफलता एडीसीपी अपराध पियूष सिंह के नेतृत्व में संभव हुई, जिन्होंने स्वयं पूरी कार्रवाई की निगरानी की। गिरफ्तार राकेश मूल रूप से शिकोहाबाद का रहने वाला है। वह केवल पाँचवीं कक्षा तक पढ़ा है और पहले ट्रक चालक का कार्य करता था। इसी दौरान उसका संपर्क नशा तस्करी करने वालों से हुआ और धीरे-धीरे वह खुद इस अवैध धंधे में उतर गया। उसके पास दो कैंटर वाहन हैं, जिनका इस्तेमाल वह गांजा ढोने के लिए करता था। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी पहले भी रेलवे सुरक्षा बल, शिकोहाबाद द्वारा नशा तस्करी मामले में जेल भेजा जा चुका है।

# नगर निगम की पहल से 1108 औद्योगिक इकाइयों को मिल रही है जलापूर्ति, अवैध नलकूपों पर गिरेगी गाज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट के अंतर्गत साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को निगम की ओर से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रोजेक्ट की प्रगति और लाभ पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि अब तक 1108 औद्योगिक इकाइयों को निगम द्वारा जलापूर्ति की जा रही है, जबकि शेष इकाइयों को भी शीघ्र ही इस सुविधा से जोडे के प्रयास जारी हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ऐसी औद्योगिक इकाइयां जो अवैध रूप से नलकूपों का संचालन कर जलापूर्ति कर रही हैं, उनके विरुद्ध विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि अब सभी औद्योगिक इकाइयों को निगम से ही जलापूर्ति प्राप्त करनी होगी। साथ ही, जिन इकाइयों को जलापूर्ति हो रही है, उन्हें निर्धारित शुल्क के आधार पर बिल वितरित किए जाएंगे। इसके लिए नगर आयुक्त ने महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को विशेष निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में प्रोजेक्ट से जुड़े अहम पहलुओं को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान एस. वरदराजन, डायरेक्टर वी ए टेक वेबग लिमिटेड और प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे। उन्होंने रोड रेस्टोरेशन से लेकर शोधित जल की आपूर्ति की प्रक्रिया तक सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में औद्योगिक इकाइयों के रजिस्ट्रेशन, रेट निर्धारण और बिल वितरण की रूपरेखा पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। नगर निगम का मानना है कि इस प्रोजेक्ट से न केवल औद्योगिक इकाइयों को सतत जलापूर्ति का लाभ मिलेगा, बल्कि निगम को भी औद्योगिक क्षेत्र से नयी आय प्राप्त होगी। बिलिंग और शुल्क निर्धारण के माध्यम से निगम के राजस्व में वृद्धि होगी, जिससे आगे चलकर शहर के अन्य विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाले इस प्रोजेक्ट के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब नगर निगम इसके भव्य उद्घाटन की योजना भी बना रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग और निरीक्षण स्वयं नगर आयुक्त और संबंधित अधिकारी करते रहेंगे, ताकि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट गाजियाबाद नगर निगम की उन ऐतिहासिक पहलों में से एक है, जो न केवल औद्योगिक इकाइयों की जरूरतें पूरी करेगा बल्कि शहर को हरित और सतत विकास की ओर भी अग्रसर करेगा। नगर निगम का दावा है कि आने वाले समय में यह प्रोजेक्ट गाजियाबाद के लिए मील का पत्थर साबित होगा और उद्योग-व्यापार को नई दिशा प्रदान करेगा।

